RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-165 जयपुर, शनिवार, 13 दिसम्बर 2025 मूल्य-4 रूपये

# वैभव सूर्यवंशी ने एक वनडे में 14 सिक्स लगाए, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

दुबई

वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 14 सिक्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने शुक्रवार को दुबई में खेले गए -19 एशिया कप मैच में 95 गेंदों पर 171 रन बना दिए। इस पारी में वैभव ने 14 छक्के और 9 चौके के सहारे 180 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की।



इसी के साथ वे यूथ वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल का 2008 में बना 12 सिक्स वाला रिकॉर्ड तोड़ दिया।

14 साल के वैभव ने महज 56 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। उनकी बैटिंग के दम पर भारत ने यूथ वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम ने 433 रन बनाए, जो पिछले साल ढाका द्वारा स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाए 425 रन के रिकॉर्ड से ज्यादा है। वैभव के साथ एरोन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा ने भी 69-69 रन की अहम पारियां खेलीं। वैभव ने शुरुआत से ही यूएई के गेंदबाजों पर अटैक किया। शुरुआत 6 गेंदों पर उन्होंने सिर्फ चार रन बनाए थे लेकिन चौथे ओवर में अली असगर के खिलाफ दो छक्के मारे। इसके बाद से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 30 गेंदों पर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद और भी ज्यादा विस्फोटक हो गए। 16वें ओवर में अड्मद खुदादाद के खिलाफ उन्होंने तीन छक्के लगाए। अंडर-19 एशिया कप के पहले मुकाबले में उनके बल्ले से 171 रन निकले। 95 गेंदों की पारी में वैभव ने 14 छक्के और 9 चौके मारे। वह दोहरा शतक लगाने की तरफ बढ़ रहे थे लेकिन उदिश सूरी की गेंद पर बोल्ड हो गए। वैभव ने सिर्फ 56 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। जब वह आउट हुए तो भारत की पारी का 33वां ओवर ही चल रहा था।

अंडर-19 वनडे मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्का का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल के नाम था। 2008 में उन्होंने नामीबिया के खिलाफ 12 छक्के मारे थे। 71 गेंदों में हिल ने 124 रन बनाए थे। अब वैभव सूर्यवंशी उनसे आगे निकल गए हैं। वैभव ने 95 गेंदों की अपनी पारी में 14 छक्के मारे। भारतीय बल्लेबाजों में यह रिकॉर्ड वैभव के ही नाम था। उन्होंने इसी साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ 143 रनों की पारी में 10 छक्के उड़ाए थे।

भारत ने मुकाबला 234 रन से जीत लिया। 434 रन के लक्ष्य का पीछा करती८श्व की टीम 50 ओवर खेलकर 7 विकेट पर सिर्फ 199 रन ही बना सकी।८श्व की ओर से दो बल्लेबाजों ने फिफ्टी जमाई। उद्दीश सूरी 78* रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पृथ्वी मधु ने 50 रन जोड़े। भारत की तरफ से 9 गेंदबाजों को आजमाया गया और इनमें दीपेश देवेन्द्रन सबसे सफल रहे, जिन्होंने 2 विकेट अपने नाम किए।

वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक लगाया था। 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। साथ ही वैभव 14 की उम्र में 3 टी-20 सेंचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर हैं।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर उपलब्धियां गिनाईं

# जनता से किए वादों का 70 फीसदी काम पूरा

### सीएम बोले- हमने कई मगरमच्छ पकड़े, आगे भी किसी को नहीं छोड़ेंगे

जयपुर

राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे करने जा रही है. 15 दिसंबर को सरकार को दो साल पूरे हो जाएंगे, जबकि 12 दिसंबर 2023 को भजनलाल शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया था. इसी मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने दो वर्षों के कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा।



शुक्रवार को ओटीएस में मीडिया से मुखातिब होते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की पिछली सरकार के पांच वर्षों में योजनाओं को केवल अटकाने-लटकाने का काम हुआ. हमारी सरकार ने मात्र दो वर्षों में संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत वादों को पूरा कर लिया है. कांग्रेस के समय योजनाएं फाइलों में अटकी रहती थीं, जबकि हमारी सरकार में फाइलें धरातल पर उतर रही हैं।

सीएम ने कहा- पिछली सरकार ने पाइपलाइन से लेकर टेंडर तक के स्तर पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी होती थी।हमने कहा था कि मछलियां ही नहीं,बड़े मगरमच्छ भी पकड़े जाएंगे। पकड़े भी गए हैं, जेल भी गए। आगे भी किसी को छोड़ने वाले नहीं है।

ओटीएस परिसर के नेहरू भवन में सीएम ने सरकार की उपलब्धियां की बुक का विमोचन किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, सीएस वी श्रीनिवास और डीजीपी राजीव शर्मा भी रहे मौजूद हैं।

### सीएम बोले- सभी में नवाचार की गुंजाइश रहती

सीएम ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा- आज मुझे विधायक दल का नेता चुनने के दो साल पूरे पूरे हुए है। आज नवाचार दिवस भी हैं। सभी में नवाचार की गुंजाइश रहती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हर साल जनता को अपने काम पर लेकर जोखा देना चाहिए।

एक साल पूरा होने पर भी हमने जनता के सामने अपने काम का लेखा-जोखा रखा था। आज भी हमने 2 साल के रूप में जो काम किया है,उनको जनता के बीच में लेकर जा रहे है। मीडिया के माध्यम से भी हम राजस्थान की जनता को उन कार्यों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

### कांग्रेस ने ईआरसीपी को लटकाए रखा

सीएम ने कहा- हमने सरकार के बनते ही पानी को लेकर काम करना शुरू किया। कांग्रेस सरकार ने पानी को लेकर केवल राजनीति करने और घोटाला करने का काम किया। योजनाओं को लटकाने का काम किया। कांग्रेस ने तो ईआरसीपी जैसी योजना को भी लटकाए रखा। हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में रामजल सेतु परियोजना को प्राथमिकता पर लेते हुए मध्यप्रदेश और भारत सरकार के साथ जनवरी 2024 में एमओयू और दिसंबर 2024 में एमओए पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना को तेजी से पूरी करने के लिए 26 हजार करोड़ के कार्यदेश जारी कर दिए गए हैं।

**कांग्रेस के राज में युवा परेशान थे**

कांग्रेस के राज में युवा किस तरीक़े से परेशान थे। युवाओं के अंदर किस तरीक़े की नकारात्मक भावना पैदा हो गई थी।युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में गत सरकार के समय में आए दिन पेपर लीक की घटनाओं के कारण युवा हताश और निराशा में डूबा हुआ था।हमारी सरकार बनते ही हमने एसआईटी का गठन कर पेपर लीक के दोषियों के ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई के साथ ही पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं आयोजित करवाई।

### यमुना के पानी के लिए कांग्रेस ने खूब वोट लिए

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने यमुना के पानी के लिए खूब वादा किया, वोट भी लिए लेकिन किया कुछ नहीं। शेखावाटी के लोग तीन दशकों तक यमुना के पानी का इंतजार करते रहे। हमने यमुना के पानी को लेकर एमओयू किया और अब इसकी डीपीआर पर काम चल रहा है।

सीएम ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन के जरिए हर घर जल पहुंचाने की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की। लेकिन प्रदेश में पिछली सरकार ने इस योजना को भ्रष्टाचार अड्डा बना दिया। पाइपलाइन से लेकर टेंडर तक के स्तर पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी होती थी।

गरीबों को साफ पानी नसीब नहीं हुआ और वह ठगा गया। हमने कहा था कि मछलियां ही नहीं,बड़े मगरमच्छ भी पकड़े जाएंगे। पकड़े भी गए हैं, जेल भी गए।

# बंगाल एसआईआर: वोटर लिस्ट से 58 लाख से अधिक नाम हटे

### ममता की भवानीपुर सीट में 44 हजार नाम डिलीट, साउथ 24 परगना जिले से 8 लाख नाम कटे

कोलकाता

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के पहले फेज के बाद 58 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं।

सबसे ज्यादा नाम कोलकाता के चौरंगी और कोलकाता पोर्ट जैसे क्षेत्रों में कटे हैं, जबकि सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट की तुलना में सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट में चार गुना अधिक नाम हटाए गए। भवानीपुर सीट पर जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। इसमें से 44,787 नाम हटाए गए। वहीं पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम जहां 2,78,212 वोटर थे, वहां से 10,599 नाम हटाए गए।

जिलावार आंकड़ों में साउथ 24 परगना सबसे ऊपर रहा, जहां 8,16,047 नाम हटाए गए। यह इलाका ञ्जरूष्ट सांसद अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है। उन्होंने डायमंड हार्बर सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में सात लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी।



चुनाव आयोग 16 दिसंबर को बंगाल में नई वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी करेगा। स्ढ्ढक्र के फेज-1 में हटाए गए नामों के कारण वोटर की मौत, दूसरी जगह शिफ्ट होना और डुप्लिकेट एंट्री हैं। बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### कोलकाता पोर्ट से 74 हजार नाम हटे

राज्य के 294 असेंबली एरिया में से सबसे ज्यादा नॉर्थ कोलकाता की चौरंगी विधानसभा क्षेत्र में 74,553 नाम हटाए गए। यहां से से तृणमूल रूरु नयना बंद्योपाध्याय हैं। कोलकाता पोर्ट से कुल 63,730 नाम हटाए गए। इसका प्रतिनिधित्व सीनियर मंत्री फिरहाद हकीम करते हैं।

# छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर घाटी से गिरी बस, 9 की मौत, सड़क पर बिखरे शव

जगदलपुर

छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश राज्य की सीमा पर स्थित मारेडमिल्ली घाटी पर एक यात्री बस पलट गई है। हादसे में 9 यात्रियों की ऑन स्पॉट डेथ हो गई है, जबकि कुछ यात्री घायल हैं।



घायलों को इलाज के लिए भद्राचलम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। मामला मारेडमिल्ली थाना क्षेत्र का है। हादसे के समय बस में 40 यात्री सवार थे।

घटनास्थल के वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें दिखा कि बस घाटी से गिरकर नीचे घनी झाड़ियों में फंस गई। कई यात्री बस से नीचे सड़क पर गिर गए। सड़क पर मृतकों के शव और लोगों का सामान बिखरा पड़ा था। बताया जा रहा है कि, 12 दिसंबर की सुबह बस अरकू से रायलासीमा चिंतुर जा रही थी। इसमें करीब 40 यात्री सवार थे। इसी बीच घाट में बस अनियंत्रित हुई और नीचे गिर गई। हादसे के बाद उस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने मदद की और घायलों को बाहर निकाला।

9 लोगों की डेड बॉडी भी बाहर निकाली गई। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। ASR जिला कलेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि यह हादसा चिंटूरू और भद्राचलम के बीच घाट रोड पर हुई।

## हनुमानगढ़ किसान आंदोलन में बनी सहमति

# गड़बड़ी मिली तो हट सकती है एथेनॉल फैक्ट्री, मांगों को लेकर होगा रिव्यू

हनुमानगढ़

राजस्थान के हनुमानगढ़ स्थित टिब्बी (राठीखेड़ा) में आंदोलन शुक्रवार रात स्थगित हो गया। प्रशासन और किसान प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई वार्ता में कई मुद्दों पर सहमति बनी।

फैक्ट्री में गड़बड़ी मिलने पर हटाने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही किसानों की मांगों को लेकर रिव्यू होगा।

इससे पहले ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री का विरोध शुक्रवार दोपहर तक जारी था। चौथे दिन (शुक्रवार) भी टिब्बी में इंटरनेट बंद रहा।

उपद्रव मामले में 107 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था। 40 लोग हिरासत में लिए जा चुके थे।

बुधवार को किसानों ने जिले के राठीखेड़ा गांव में निर्माणाधीन ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री की दीवार तोड़ दी थी। अंदर घुसे प्रदर्शनकारियों ने ऑफिस में भी आग लगा दी थी।

इस बीच पुलिस-किसानों में जमकर पत्थरबाजी हुई। बवाल में कांग्रेस विधायक सहित 70 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। कुछ घायल टिब्बी के गुरुद्वारे में ही रुके हैं। फैक्ट्री के आसपास रहने वाले करीब 30 परिवार घर छोड़कर भाग गए हैं।

# डीजीसीए ने इंडिगो के 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड किया

नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में जारी संकट के बीच लगातार एक्शन हो रहा है। शुक्रवार को डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने एयरलाइन की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की देखरेख के लिए जिम्मेदार 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इनमें रिषराज चैटर्जी, सीमा झमनानी, अनिल कुमार पोखरियाल और प्रियम कौशिक का नाम शामिल है। इधर, DGCA की चार सदस्यों वाली कमेटी शुक्रवार को भी इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स से मिलेगी। पीटर से पिछले हफ्ते बड़े पैमाने पर फ्लाइट्स कैंसिल होने को लेकर पूछताछ की जाएगी।





इस बीच, देश में कम किराए वाली विमान सेवा शुरू करने वाले कैप्टन गोपीनाथ ने कहा कि इंडिगो संकट शायद इसलिए बढ़ा, क्योंकि एयरलाइन संचालकों में घमंड और ओवरकॉन्फिडेंस आ गया था। इसलिए एयरलाइन हालात नहीं समझ पाई।

1 नवंबर से लागू हुए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों के दूसरे फेज को लागू करने में सही प्लानिंग की कमी ही 2 दिसंबर से शुरू हुए संकट का कारण है।

नए नियमों के साथ, एयरलाइन के पास अपनी फ्लाइट्स ऑपरेट करने के लिए पर्याप्त संख्या में पायलट नहीं थे। जब बॉटम लाइन, रेवेन्यू और प्रॉफिट में ग्रोथ और स्टॉक मार्केट पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है तो ऐसा होता है कि वे पायलट और दूसरे स्टाफ की बात सुनना बंद कर देते हैं।

# लेपर्ड ने 4 वनकर्मियों पर किया हमला

### आधे घंटे बाद तेंदुए की मौत

राजसमंद

राजसमंद में रेस्क्यू करने गई वन विभाग की टीम पर लेपर्ड ने हमला कर दिया। हमले में चार वनकर्मी घायल हो गए। घायल वनकर्मियों को कंधे पर उठाकर गाड़ियों तक लाया गया।

हमले के आधे घंटे बाद लेपर्ड की भी मौत हो गई। मामला शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे जिले के नेगडियां गांव का है।

जानकारी के अनुसार, वन विभाग की टीम को गुरुवार रात करीब 8 बजे गोमती-उदयपुर हाईवे पर लेपर्ड की सूचना मिली थी। रात 8:30 बजे टीम मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रात में अंधेरा होने की वजह से टीम ट्रेंकुलाइज नहीं कर पाई थी। इस दौरान लेपर्ड हाईवे से 100 मीटर दूर खेतों में चला गया था।

टीम को बताया गया कि लेपर्ड घायल था। रात करीब 10 बजे तक रेस्क्यू करने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद टीम रात में गांव में ही रुक गई थी।

शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे दोबारा रेस्क्यू शुरू किया गया। लेपर्ड खेत के आस-पास ही झाड़ियों में छुप गया था। लेपर्ड घायल होने की वजह से टीम ने ट्रेंकुलाइज न कर उसे जाल से पकड़ने का प्लान बनाया।

इस पर टीम में शामिल वनकर्मी पन्नालाल (48), हरीश लोहार (48), घनश्याम पूर्बिया (32) और गिरधारी लाल (35) जाल के साथ लेपर्ड को पकड़ने पहुंचे।

# झुंझुनूं में गैंगवार, हिस्ट्रीशीटर समेत 2 की मौत

### 3 किलोमीटर दूर तक एक-दूसरे पर गोलियां चलाते रहे

नवलगढ़ (झुंझुनूं)

राजस्थान के झुंझुनूं में हुई गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर समेत 2 बदमाशों की मौत हो गई। गैंगवार नवलगढ़ के गोठड़ा थाना क्षेत्र के खिरोड़ की शुक्रवार सुबह 9 बजे है। भीड़ ने दो बदमाशों को पकड़कर पीट दिया।



पुलिस ने बताया गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ रविकांत उर्फ गोलू स्वामी और सुनिल सुंडा की मौत हो गई। ग्रामीणों ने कहा- शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे रविंद्र कटेवा (गोठड़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर) कैमरी की ढाणी स्थित अपने मकान पर था। सुनील सुंडा निवासी ढाका की ढाणी भी रविंद्र के साथ था। इस दौरान मकान में एक स्विफ्ट कार आकर रुकी।

कार में रानोली थाने का पलसाना निवासी हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ रविकांत उर्फ गोलू स्वामी अपने तीन और साथियों के साथ पहुंचा। उसने आते ही हिस्ट्रीशीटर रविंद्र कटेवा पर फायरिंग की। रविंद्र कटेवा नीचे झुक गया और बच गया। फायरिंग के बाद कृष्णकांत और उसके साथी मौके से भागने लगे और गाड़ी में बैठ गए।

इसी दौरान सुनिल सुंडा ने कृष्णकांत की गाड़ी का स्टेयरिंग पकड़ लिया और उसे भागने से रोकने लगा। कृष्णकांत और उसके साथियों ने सुनिल पर फायरिंग कर डाली। जिससे वह घायल हो गया और कृष्णकांत उसके साथी मौके से भाग गए। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी गाड़ी से मुख्य रास्ते की बजाय हड़बड़ाहट में कच्चे रास्ते पर चले गए। आगे कृष्णकांत और उसके साथियों को भागने का रास्ता नहीं मिला, तो सभी ने गाड़ी छोड़ी और पैदल ही भागने लगे। 3 किमी दूर तुर्काणी जोहड़ी के पास रविंद्र कटेवा और उसके साथियों ने कृष्णकांत को घेर लिया। जहां पर फायरिंग हुई। मौके पर कृष्णकांत की लाश मिली है। घटना के बाद से हिस्ट्रीशीटर रविंद्र कटेवा भी फरार है। घटना की सूचना पर एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत, गोठड़ा सीआई धर्मेंद्र मीणा समेत अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे हैं।

## जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए

# एक व्यक्ति की जनगणना पर 97 रुपए खर्च आएगा

नई दिल्ली

देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपए खर्च होंगे।

दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए तो 1 व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपए खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपए/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए तो प्रति व्यक्ति 78 रुपए खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह ष्ट्डड्डस् सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितंबर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी।

इसके अलावा कैबिनेट ने ष्टशड्डद्यस्श्वञ्ज विंडो को मंजूरी दी है। इसके तहत अलग-अलग इंडस्ट्रियल इस्तेमाल और एक्सपोर्ट के लिए कोल लिंकेज की नीलामी, सही पहुंच और रिसोर्स का सबसे अच्छा इस्तेमाल पक्का करना है।

## सलमान खान ने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा को लेकर खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका पर गुरुवार को न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा सुनवाई करेंगे। सलमान ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कई सोशल मीडिया मंचों और ई-कॉमर्स वेबसाइट को उनके नाम, छवियों और व्यक्तित्व के अनधिकृत इस्तेमाल से रोकने और उनके व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया है।



हाल ही में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन, जया बच्चन, ऋतिक रोशन और अजय देवगन, फिल्म निर्माता करण जौहर, गायक कुमार सानू, तेलुगु अभिनेता अक्किनेनी नागार्जुन, आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रवि शंकर, पत्रकार सुधीर चौधरी और पॉडकास्टर राज शमानी ने भी अपने व्यक्तित्व एवं प्रचार अधिकारों की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत ने उन्हें अंतरिम राहत भी प्रदान की थी। तेलुगु अभिनेता एनटीआर जूनियर ने भी अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने अभी तक उनकी याचिका पर कोई आदेश पारित नहीं किया है।

## कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर एमएलसी ने सिरे से खारिज किया

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही आंतरिक कलह की अटकलों को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे, एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया ने सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी में नेतृत्व को लेकर कोई अस्पष्टता या खींचतान नहीं है और सब कुछ स्पष्ट है। उन्होंने बताया कि पार्टी हाई कमांड ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि फिलहाल राज्य के नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा है कि वह और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार दोनों दिल्ली स्थित कांग्रेस हाई कमांड के किसी भी फैसले का पालन करने वाले है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रहे आंतरिक संघर्ष पर कहा कि वह पार्टी को शर्मिंदा या कमजोर नहीं करना चाहते और उन्हें अंतरात्मा के अनुसार काम करना चाहिए। डीके शिवकुमार का विधायकों (मंत्री एचसी महादेवप्पा और सतीश जारकीहोली सहित) के साथ लगातार बैठकें करना नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अनिश्चितता को बरकरार रखे हुए है। सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ने दो बार नाश्ते पर मुलाकात की है और पार्टी की एकता पर जोर दिया है। दोनों ही नेता पार्टी हाई कमांड के फैसले का पालन करने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व वाले उच्च कमान द्वारा इस मामले पर जल्द ही कोई स्पष्ट निर्णय लिए जाने की उम्मीद है।

## आजम खान आठ साल पुराने मामले में बरी... सेना को लेकर दिया विवादित बयान

रामपुर (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री आजम खान के खिलाफ सेना पर विवादित बयान देने के आठ साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोप साबित न होने पर आजम को दोषमुक्त किया है। इस दौरान आजम वीडियो कान्फ्रेंस के द्वारा न्यायालय में उपस्थित रहे। आजम के अब तक 14 मुकदमे निस्तारित हो चुके हैं। इसमें सात में सजा मिली है, जबकि इतने ही मुकदमों में वे बरी हुए हैं। दरअसल सेना पर विवादित बयान का यह मुकदमा भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जून 2017 को दर्ज कराया था। तब आजम खान सांसद थे। भाजपा विधायक का कहना था कि आजम सपा कार्यालय पर अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। वह केंद्र और प्रदेश सरकार के विरोध में बोल रहे थे। अचानक उन्होंने सेना के जवानों को लेकर आपत्तिजनक बयानबाजी कर दी। आजम खान के अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि न्यायालय ने आरोप साबित नहीं होने पर दोषमुक्त कर दिया है।

## महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंडिगो सहित अन्य एयर लाइंस की फ्लाइट्स का नियमित संचालन



अयोध्या (एजेंसी)। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस की 5 फ्लाइट्स के साथ अन्य एयर लाइंस की 7 फ्लाइट्स का नियमित संचालन हो रहा है। बुधवार को केवल हैदराबाद की इंडिगो की उड़ान निरस्त की गई है। आगे के दिनों में इसका नियमित संचालन होगा। यह जानकारी एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने दी। एयरपोर्ट के डायरेक्टर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के सभी ऑपरेशन अब सुचारू रूप से संचालित हैं। यात्री सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। यात्रियों से उनके अनुभव और फीडबैक भी लिया गया, जिसमें अधिकांश यात्री एयरपोर्ट की सुविधाओं और सेवाओं से संतुष्ट दिखे। विशेष रूप से भोजन व्यवस्था की भी सराहना की गई। यात्रियों को समयानुसार स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि यात्रा के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि सभी वेंडर कंपनियों को निर्देश है कि वे सामानों की कीमत बढ़ाने से परहेज करें। पार्किंग फीस को भी उचित दर पर ही चार्ज कर यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा जाए। निरस्त होने वाली उड़ानों के पैसेंजर्स को 4 दिन पहले ही सूचना दे दी गई थी जिससे यहां यात्रियों की भीड़ नहीं पहुंची। तीन एयर लाइंस के 16 काउंटर बाहरी हिस्से में खोल दिए गए हैं, जिससे वे रिफंड व अन्य समस्या का निपटारा आसानी से कर लें। एयरपोर्ट के डायरेक्टर सिंह ने बताया कि बुधवार को कुल 11 निर्धारित उड़ानों का संचालन होना था, जिसमें से एक उड़ान रद्द रही। रद्द उड़ान की सूचना यात्रियों को पूर्व में ही उपलब्ध करा दी गई थी, ताकि किसी यात्री को असुविधा न हो। एयरपोर्ट प्रशासन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी यात्री सुविधाओं, सुरक्षा मानकों तथा भोजन जैसी आवश्यक सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रहेगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या एयरपोर्ट से 5 उड़ानें इंडिगो बाकी 7 में स्पाइस जेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अलायंस एयर और अकासा एयर की संचालित हो रही है

# राज्यसभा में चर्चा के दौरान नेहरू को लेकर आपस में भिड़ गए जेपी नड्डा और मल्लिकार्जुन खरगे

### नड्डा का आरोप, कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम के श्लोक हटाए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान जवाहरलाल नेहरू पर की गई टिप्पणी के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूछा कि क्या चर्चा का विषय वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ है या फिर नेहरू हैं। खरगे ने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि यह बहस वंदे मातरम को लेकर है या पंडित जवाहरलाल नेहरू को लेकर। यहां जो कुछ भी कहा जा रहा है, वह विकृत है और सच नहीं है।

यह सवाल दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस में बदल गया, जब केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारत की संस्कृति से समझौता किया है। राज्यसभा में सदन के नेता ने कहा कि मैं सिर्फ वंदे मातरम की बात कर रहा हूं। अगर नेहरू से जुड़ी बातें उन्हें अच्छी नहीं लगतीं, तब मैं क्या कर सकता हूं? समस्या यह है कि शुरू से ही आप लोगों ने भारत की संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से समझौता किया है...दुर्गा, सरस्वती, भारत माता और शक्ति इस देश के सभी लोगों के लिए हैं, और सभी को उसमें आस्था है।

इन टिप्पणियों के चलते राज्यसभा में हंगामा शुरु हो गया और स्थिति को शांत करने के लिए अध्यक्ष उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को हस्तक्षेप करना पड़ा। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की छवि को धूमिल नहीं करना चाहती और उसका एकमात्र उद्देश्य ऐतिहासिक तथ्यों को सही करना है। उन्होंने कहा, वंदे मातरम को वह सम्मान नहीं मिला जिसके वह हकदार थे... उस समय सत्ता में रहे लोग (सरकार) इस स्थिति के लिए जिम्मेदार थे।

नड्डा ने कहा कि पहले आपने मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम के श्लोक हटा दिए। जून 1947 में आपने भारत को खंडित स्वतंत्रता दी और जिन्ना के सपनों को पूरा साकार कर दिया। उसके बाद आपने पाकिस्तान की गुरिल्ला सेनाओं के सामने पीओके समर्पित किया, खंडित कश्मीर पर कब्जा कर लिया और फिर अनुच्छेद 370 लागू कर दिया... देश समझौतों से नहीं चलता-यही हमारी विचारधारा है।

## जापान से लौटकर सीएम मान बोले- 500 करोड़ में सीएम की कुर्सी मिलेगी तो सेवा नहीं उगाही होगी



चंडीगढ़। जापान दौरे से लौटे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा है कि अगर पंजाब में मुख्यमंत्री की कुर्सी 500 करोड़ में मिल रही है तो पहले सीएम 500 करोड़ इकट्ठा करेगा, वो सेवा थोड़ी न करेगा। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नवजोत कौर सिद्धू के 500 करोड़ में कुर्सी वाले बयान पर पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि इन लोगों ने पंजाब का टेंडर लगा दिया है। मंडियों में फसलों की तरह दाम बता रहे हैं। यह एमएलए, एमसी, सीएम के रेट बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने 500 करोड़ देकर कुर्सी ली है तो वह पहले 500 करोड़ इकट्ठा करेगा, सेवा नहीं। गौरतलब है कि नवजोत कौर सिद्धू लगातार कांग्रेस नेताओं के खिलाफ खुलेआम बयानबाजी करती नजर आ रही थीं। इसी कारण पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। अब यह पूरा मामला कांग्रेस हाईकमान तक पहुंच चुका है। बताया जा रहा है कि संसद सत्र के बाद पंजाब कांग्रेस को लेकर दिल्ली में हाईकमान की ओर से बैठक बुलाई जा सकती है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान जापान दौरे से पंजाब लौट आए हैं। यहां उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और मीडिया के साथ अपने विदेश दौरे की जानकारी शेयर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अपने दौरे के दौरान कई विदेशी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिले। उन्होंने कहा कि इन मीटिंग्स का मुख्य मकसद पंजाब का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करना, स्किल्स बढ़ाना और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के लिए सहयोग के मौके तलाशना था।

## रोहिणी आचार्य ने पोस्ट में लिखी ऐसी बात... लालू और राबड़ी देवी को जरूर चुभेगी



**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और अपने परिवार (लालू फैमिली) से नाता तोड़ चुकीं रोहिणी आचार्य ने एक ऐसा पोस्ट कर दिया, जो उनके माता-पिता (लालू और राबड़ी देवी) को जरूर चुभेगा। रोहिणी आचार्य ने एक ओर नीतीश सरकार को आड़े हाथों लिया, दूसरी ओर मायके में उनके साथ हुई कथित बदसलूकी पर भी चुभन वाली बात कही।

लालू यादव की छोटी बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि लड़कियों को 10,000 रुपये देना या साइकिलें बांटना, भले ही नेक इरादे से किया हो, लेकिन ये भारत में महिलाओं के सशक्तीकरण में बाधा डालने वाले व्यवस्थागत मुद्दों को हल करने के मद्देनजर अपर्याप्त है। उन्होंने लिखा कि बिहार में गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक मानसिकता सामाजिक और राजनीतिक, दोनों क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता पैदा करती है।

रोहिणी ने लिखा कि प्रत्येक बेटी को आश्वासन के साथ बड़े होने का अधिकार है कि उसका मायका एक ऐसा सुरक्षित स्थान है, जहां वह बिना किसी डर, अपराधबोध, शर्म या किसी को कोई स्पष्टीकरण दिए बिना लौट सकती है। इस उपाय को लागू करना केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं है, बल्कि अनगिनत महिलाओं को भविष्य में होने वाले शोषण और उत्पीड़न से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

बात दें कि राजद के विधानसभा चुनाव हारने के बाद से लालू परिवार में सबकुछ ठीक नहीं है। रोहिणी आचार्य ने आरोप लगाया था कि उनके साथ मायके में अच्छा व्यवहार नहीं किया। रोहिणी ने इतना तक कहा कि उनके चप्पल तक मारने की कोशिश की गई। इसके लिए उन्होंने पूर्ण रूप से अपने भाई तेजस्वी यादव को जिम्मेदार ठहराया।

# गोवा सरकार की मिलीभगत से थाइलैंड भाग गए लूथरा बंधु... आप सांसद संजय सिंह का आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने लूथरा बंधुओं के भारत से भागने के मामले की गहन जांच की मांग की है। उन्होंने सीधे तौर पर भाजपा अधिकारियों की संलिप्तता का आरोप लगाया और कहा कि उनके समर्थन के बिना वे गोवा से नहीं भाग सकते थे। आप सांसद सिंह ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर आलोचना की कि 25 लोगों की दुखद मौत के बावजूद उन्हें भागने से नहीं रोका गया। संजय सिंह ने सवाल उठाया कि जिन व्यक्तियों की लापरवाही से 25 लोगों की जान गई, वे इंडिगो का इस्तेमाल करके भारत से भाग गए, जबकि देश की जनता को उड़ानें उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह अच्छा है कि वे पकड़े गए हैं, उन्हें जल्द से जल्द वापस लाया जाए और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

दरअसल 6 दिसंबर की देर रात बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग लगी। इस घटना में 25 लोगों की जान चली गई, जिनमें 5 पर्यटक और 20 कर्मचारी शामिल थे। लूथरा बंधु, गौरव और सौरभ, इस नाइटक्लब (बर्च बाय रोमियो लेन) के मालिक हैं। एफआईआर के अनुसार, लूथरा बंधुओं ने उचित सुरक्षा सावधानियों का पालन किए बिना एक फायर शो का आयोजन किया और पर्याप्त अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए, जिससे यह दुखद घटना हुई। गोवा पुलिस ने 7 दिसंबर को एफआईआर संख्या 154/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 105, 125, 125(ए), 125(बी), 287 और धारा 3(5) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है। गौरव और सौरभ लूथरा अग्निकांड के अगले दिन सुबह ही थाईलैंड के फुकेत रिसॉर्ट शहर भाग गए थे। उन्हें थाईलैंड के फुकेत स्थित एक आव्रजन केंद्र में हिरासत में रखा गया है। यह हिरासत दिसंबर में जारी किए गए ब्लू कॉर्नर नोटिस के आधार पर सुनिश्चित की गई।

## राजद को बड़ा झटका : नीतीश कुमार को हराने वाले इस पूर्व सांसद ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल में घमासान मचा हुआ है। हार की जिम्मेदारी कोई लेने को तैयार नहीं है और एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ने के लिए सिर फुटव्वल जारी है। नतीजा ये है कि राजद के कई नेता घर बैठ गए हैं तो कुछ ने पार्टी को ही बाय-बाय कह दिया है। कभी लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पटकनी देने वाले राजद के दिग्गज नेता एवं पूर्व मंत्री विजय कृष्ण ने राजद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो लाल प्रसाद यादव को एक भावुक पत्र भी लिखा है। अपने त्यागपत्र में विजय कृष्ण ने स्पष्ट किया कि वे अब दलगत राजनीति और सक्रिय सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने लिखा कि लंबे विचार-विमर्श के बाद उन्होंने राजनीतिक जीवन से पूरी तरह अलग होने का फैसला किया है और पार्टी से निवेदन किया कि उनका त्यागपत्र स्वीकार किया जाए। विजय कृष्ण की राजनीतिक पहचान 2004 के लोकसभा चुनाव में तब मजबूत हुई जब उन्होंने बाढ़ सीट से तत्कालीन रेलमंत्री नीतीश कुमार को 37 हजार से अधिक वोटों से मात दी थी। इससे पहले वे 1996, 1998 और 1999 में नीतीश कुमार से चुनाव हार चुके थे। 2004 में जीत के बाद वे बिहार सरकार में मंत्री भी बने। अपने राजनीतिक करियर में विजय कृष्ण ने कई बार दल बदले। 2009 में उन्होंने राजद छोड़कर जदयू का दामन थामा। 2010 में वे फिर से राजद में लौट आए। विधानसभा चुनाव में हार के बाद राजद पहले से ही आंतरिक चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में विजय कृष्ण जैसे वरिष्ठ नेता का पार्टी छोड़ना राजद के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

# बीजेपी अध्यक्ष पद पर अटकलें तेज, फडणवीस बोले- 2029 में भी मोदी ही करेंगे नेतृत्व



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है, लेकिन इसी बीच पार्टी नेतृत्व ने साफ संकेत दिए हैं कि 2029 का लोकसभा चुनाव भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से हाल ही में इस विषय पर प्रश्न पूछे गए, क्योंकि उन्हें अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों में शामिल बताया जा रहा था। इसके साथ ही उनकी चर्चा पीएम मोदी के उत्तराधिकारी के रूप में भी चल रही थी।

एक कार्यक्रम में फडणवीस से पूछा गया कि क्या वे पीएम मोदी के संभावित उत्तराधिकारी हो सकते हैं। जवाब में उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह की चर्चाओं की कोई आवश्यकता नहीं है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह स्वस्थ हैं और वे ही 2029 में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। फडणवीस ने कहा कि मोदी किसी 40 वर्ष के व्यक्ति से भी अधिक ऊर्जावान हैं, दिन में 17 घंटे से अधिक काम करते हैं और बैठकों के दौरान कभी थकान के संकेत नहीं दिखाते। उन्होंने कहा कि जब तक वह मानसिक और शारीरिक रूप से फिट हैं, तब तक नेतृत्व के लिए किसी और विकल्प पर विचार करने का कोई कारण नहीं है।

फडणवीस का यह बयान उस समय आया है जब कुछ राजनीतिक हलकों में सत्ता परिवर्तन या भविष्य के नेतृत्व को लेकर चर्चा हो रही थी। इसी क्रम में कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने हाल में अमेरिका में सुर्खियां बनी 'एपस्टीन फाइल्स' का संदर्भ देते हुए दावा किया था कि इस मामले से जुड़े दस्तावेज सामने आने पर भारतीय राजनीति में बड़ा बदलाव संभव है और कोई मराठी नेता प्रधानमंत्री बन सकता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था कि इसका असर अगले महीने तक भी दिखाई दे सकता है।

उधर, बीजेपी अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। बीते हफ्तों में संभावित दावेदारों में फडणवीस का नाम भी लिया गया था, हालांकि उन्होंने स्वयं इसे लेकर कोई दावा नहीं किया। साथ ही पार्टी की ओर से भी इस बारे में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। चर्चाओं में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और शिवराज सिंह चौहान के नाम भी शामिल रहे हैं।फिलहाल पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले वर्षों में भी प्रधानमंत्री मोदी ही संगठन और चुनावी रणनीति के केंद्र में रहेंगे, जिससे नेतृत्व परिवर्तन की सभी अटकलों पर विराम लगता दिखाई दे रहा है।

## कांग्रेस सांसद का मोदी सरकार पर तंज... मुझे यकीन है कि वे नींद में भी नेहरू और गांधी के सपने देखते



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने संसद में चुनावी सुधारों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संबोधन की कड़ी आलोचना कर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में एक दशक से अधिक समय बिताने के बाद भी नेहरू-गांधी परिवार पर ही अटकी हुई है। कांग्रेस सांसद शुक्ला ने दावा किया कि सत्ताधारी पार्टी नींद में भी नेहरू और गांधी के सपने देखती है। उन्होंने सवाल उठाया कि मोदी सरकार बीते 11 वर्षों की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने के बजाय इतिहास का सहारा क्यों लेती रहती है।

कांग्रेस नेता शुक्ला ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि भाजपा कब तक इतिहास की बात करेगी। वे हर बात में नेहरू को घसीटकर ले आते हैं। मुझे यकीन है कि वे नींद में भी नेहरू और गांधी के सपने देखते हैं। आप पिछले 11 वर्षों से सरकार में क्या कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री का भाषण बहस के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए गए मुख्य मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहा। शुक्ला की आलोचना का समर्थन कर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि सरकार चुनावी सुधारों पर चर्चा के दौरान अपेक्षित पारदर्शिता प्रदान करने में विफल रही है।

उन्होंने कहा कि जिस पारदर्शिता की उम्मीद थी, वह नहीं दिखी। हरियाणा में जो हुआ, उन्होंने उसके असली सवालों का जवाब नहीं दिया, बल्कि कांग्रेस पर आरोप लगाए। आज जो हो रहा है, उसका कोई जवाब नहीं मिला। बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर अपना हमला जारी रखा, जिन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधार पर बहस के दौरान कांग्रेस पार्टी की कड़ी आलोचना की थी।

# पीएम मोदी और शाह के साथ बैठक में बोले राहुल- सीआईसी और सीवीसी की सूची में एससी, एसटी और ओबीसी से कोई नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तीन सदस्यीय चयन समिति की बैठक में बुधवार को नए मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्तों और एक विजिलेंस कमिश्नर की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान राहुल गांधी ने चयन प्रक्रिया और उम्मीदवार सूची पर गंभीर आपत्तियाँ दर्ज कराईं।

सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने बताया कि शॉर्टलिस्ट की गई सूची में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व लगभग न के बराबर है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई सप्ताह पहले सरकार से आवेदकों की जातीय संरचना का विवरण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था, जो उन्हें बुधवार को उपलब्ध कराया गया। इस सूची के मुताबिक केवल सात प्रतिशत आवेदक ही पिछड़े समुदायों से थे और शॉर्टलिस्ट में केवल एक ही उम्मीदवार ऐसा था। राहुल ने इस असंतुलन को अस्वीकार्य बताया और बैठक में एक विस्तृत असहमति नोट सौंपा।

राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि सूचना के अधिकार कानून को लगातार कमजोर किया जा रहा है और शॉर्टलिस्ट किए गए कुछ उम्मीदवारों का पारदर्शिता का रिकॉर्ड संतोषजनक नहीं रहा है। उनका कहना था कि संवैधानिक और स्वायत्त संस्थाओं में नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान वंचित समूहों को व्यवस्थित रूप से बाहर रखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि उनकी आपत्ति के बाद उपलब्ध उम्मीदवारों में से योग्य नामों पर विचार करने को लेकर समिति में आंशिक सहमति बनी।

बैठक से एक दिन पहले राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा था कि चयन पैनल की बैठकों में विपक्ष की भूमिका औपचारिक भर रह गई है। उनके अनुसार, ÷एक तरफ प्रधानमंत्री और गृह मंत्री होते हैं, दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष। मेरी आवाज वहाँ सुनी ही नहीं जाती। जो वे तय करते हैं, वही होता है। उन्होंने यह टिप्पणी उन नियुक्तियों के संदर्भ में की जिनकी प्रक्रिया सीआईसी और सीवीसी की तर्ज पर ही है।

मुख्य सूचना आयुक्त का पद 13 सितंबर से खाली है, जब तत्कालीन सीआईसी हीरालाल समारिया सेवानिवृत्त हुए। सूचना आयोग में अधिकतम दस आयुक्तों के पद हैं, लेकिन वर्तमान में सिर्फ दो ही कार्यरत हैं जबकि आठ पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। यह पहला मौका नहीं है जब विपक्ष ने सीआईसी की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाए हों। 2023 में समारिया की नियुक्ति के समय भी विपक्षी सांसदों ने परामर्श की कमी का आरोप लगाया था। 2020 में पूर्व राजनयिक यशवर्धन कुमार सिन्हा और पत्रकार उदय महूरकर की



नियुक्तियों का भी विरोध किया गया था, लेकिन आपत्तियों के बावजूद दोनों नियुक्तियाँ कर दी गई थीं। स्थिति यह दर्शाती है कि नियुक्ति प्रक्रिया पर असहमति और प्रतिनिधित्व का सवाल लगातार बना हुआ है, जबकि महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में पद लंबे समय से खाली पड़े हैं।

# गुवारड़ी में जहरीली फैक्ट्री के खिलाफ विस्फोटक गुस्सा, दो युवक चिमनी पर चढ़े


## ग्रामीणों का घंटों प्रदर्शन, इच्छा मृत्यु तक की चेतावनी





स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे स्थित गुवारड़ी नाले के पास संचालित एक कथित टायर ऑयल फैक्ट्री से निकल रहे प्रदूषित धुएं के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश बुधवार को चरम पर पहुंच गया।जहरीले धुएं से परेशान दो युवक फैक्ट्री की चिमनी पर चढ़ गए,जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण,महिलाएं, बुजुर्ग और युवा 'गांव को प्रदूषण मुक्त करो -जहरीली फैक्ट्री बंद करो' लिखी तख्तियां लेकर फैक्ट्री के बाहर एकत्रित हो गए और देर शाम तक जोरदार प्रदर्शन जारी रहा।सूचना मिलते ही मंगरोप थानाधिकारी विजय मीणा पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और चिमनी पर चढ़े दोनों युवकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अडिग रहे।इसके बाद तहसीलदार भंवरलाल सेन भी मौके पर पहुंचे और फैक्ट्री के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया,परंतु ग्रामीणों ने साफ कहा कि 'आश्वासन नहीं, फैक्ट्री बंद चाहिए। 'ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री मालिक बाहर क्वालिटी सूटिंग का बोर्ड लगाकर भीतर टायरों से ऑयल बनाने का 'घिनौना और खतरनाक' काम कर रहा है।ग्रामीण मिठूलाल ने बताया कि इस फैक्ट्री के खिलाफ दो बार पहले भी धरने दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।स्थानीय महिला मांगी देवी ने बेहद दर्दनाक खुलासा करते हुए बताया कि 'दो साल पहले इसी फैक्ट्री के जहरीले धुएं के कारण मेरी बहू को कैंसर हो गया था,और उसकी मौत हो गई। 'महिलाओं ने बताया कि धुएं से सांस,त्वचा,आंखों और एलर्जी जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।मवेशियों के बीमार होने के भी कई मामले सामने आए हैं।ग्रामीणों ने तहसीलदार के सामने इच्छा मृत्यु तक की बात कही कि– 'जब सांस ही नहीं ले पा रहे,बच्चे बीमार हो रहे,तो हम



जिंदा रहकर क्या करेंगे? 'ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने प्रदूषण मंडल से कई बार शिकायत की, लेकिन अधिकारी फैक्ट्री प्रबंधन से मिलीभगत कर कोई कार्रवाई नहीं करते।ग्रामीणों ने कहा– 'शिकायत करो तो जांच का झांसा मिलता है,लेकिन फैक्ट्री अपनी जगह चालू रहती है और हम जहरीला धुआं झेलते रहते हैं। 'फैक्ट्री से लगभग 200 मीटर दूरी पर सरकारी स्कूल संचालित है। पहले यहां 250 बच्चे पढ़ते थे, लेकिन जहरीले धुएं से परेशान होकर लगभग 150 बच्चों को अभिभावकों ने निजी स्कूलों में भेज दिया।

कई शिक्षकों ने भी इस समस्या से तंग आकर अपने तबादले करवा लिए, शेष शिक्षक भी जल्द तबादला करने की तैयारी में हैं।शाम होते-होते आक्रोशित ग्रामीणों ने फैक्ट्री मालिक का प्रतीकात्मक पुतला बनाकर चप्पलों की माला पहनाई,पुरुषों और महिलाओं ने उसकी चप्पलों से पिटाई की और बाद में पुतले को आग के हवाले कर दिया।ग्रामीणों ने प्रदूषण मंडल मुर्दाबाद और फैक्ट्री प्रबंधन मुर्दाबाद के जोरदार नारे लगाए।ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा–या तो जहरीली फैक्ट्री को तुरंत बंद करो,या फिर गुवारड़ी गांव को कहीं और बसाया जाए।हम अब इस जहरीले धुएं में नहीं जी सकते। '

# अजमेर चौराहे पर चला यूआईटी का 'पीला पंजा', 28 कियोस्क धराशायी

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, सांसद पर कियोस्क हटाने के लिए पत्र लिखने का लगाया आरोप



स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** नगर विकास न्यास ने शुक्रवार सुबह अजमेर चौराहा स्थित कियोस्को पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें धराशायी कर दिया। कार्रवाई के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ओर स्थानीय व्यापारियों ने विरोध भी जताया।इस दौरान कांग्रेस नेता ने स्थानीय सांसद पर कियोस्कों को हटाने के लिए यूआईटी को पत्र लिखने का गंभीर आरोप भी लगाया। शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे यूआईटी का अतिक्रमण हटाओ दस्ता भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचा। कार्रवाई का नेतृत्व यूआईटी तहसीलदार दिनेश साहू कर रहे थे। उनके साथ अधीशासी अभियंता रामप्रसाद जाट, सहायक अभियंता शक्ति सिंह, कनिष्ठ अभियंता कमलेश जैन व रोहित चौबीसा मौजूद रहे।



न्यास द्वारा निर्मित 28 गुमटियों को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान कांग्रेस नेता मनोज पालीवाल भी मौके पर पहुँचकर विरोध जताते दिखे। कार्रवाई की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग वहाँ जमा हो गए। कई कियोस्को में दुकानें चल रही थीं। व्यापारी जल्दबाजी में अपना सामान समेटकर टेंपो में लादते हुए नजर आए। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि प्रशासन का ये रवैया बहुत ही गलत है। कियोस्क टूटने से कई लोग बेरोजगार हो गए हैं, वहीं नगर निगम द्वारा निर्मित कुछ कियोस्को को इस कार्रवाई में नहीं तोड़ा गया।

# अवैध मादक पदार्थ के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, कैट वाहन और पुलिस को देख भागने की फिराक में थे, टीम ने दबोचा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

प्रताप नगर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध मादक पदार्थ के मामले में गिरफ्तार किया है । पकड़े गए आरोपियों के पास से पिसा हुआ डोडा चूरा बरामद किया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालो के विरूद्व विशेष अभियान चलाया जा रहा । अभियान के तहत एएसपी पारस जैन मुख्यालय भीलवाडा के निर्देशन एवं सज्जन सिहं आरपीएस वृताधिकारी, वृत शहर भीलवाडा के निकटतम सुपरविजन में व थानाप्रभारी राजपाल सिहं के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। 9 दिसंबर को राजेन्द्र कुमार उ.नि. मय जाप्ता गस्त करते हुए सर्किट हाऊस के पास पहुंचे जहाँ रेल्वे स्टेशन की तरफ से दो व्यक्ति अपने पीठ पर बैग लटकाकर रोड़ क्रोस कर



होटल लैण्ड मार्क की तरफ जाते नजर आये। उक्त दोनों व्यक्ति कैट वाहन लाईट व पुलिस जाप्ते को देखकर तेज-तेज कदमों से लैण्ड मार्क होटल के पास स्थित गली की तरफ जाने लगे। उक्त दोंनों व्यक्तियों का टीम ने पीछा कर रुकवाया व नाम पता पूछा तो एक आरोपी ने अपना नाम प्रताप पुत्र बसीर लौहार उम्र 77 साल निवासी पनिहारी पुलिस थाना बरवाला जिला हिसार (हरियाणा) व दुसरे ने अपना नाम सुरेन्द्र पुत्र रामकुमार जाट उम्र 47 साल निवासी सिसाय काली रावन पुलिस थाना हासी जिला हिसार (हरियाणा) होना बताया। उक्त दोनों व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर कैट वाहन व पुलिस को देखकर तेज-तेज भागकर जाने का कारण पूछा तो कोई सन्तोष प्रद जवाब नही दिया। उक्त दोनों व्यक्तियों कि तलाशी ली गई तो प्रताप की पीठ पर लटकाए काले व नीले रंग के कपड़े का झौला (बैग) व सुरेन्द्र की पीठ पर लटकाये काले रंग के कपड़े का झौला (बैग) को हाथ से दबाकर देखा तो अन्दर कुछ सामान भरा हुआ पाया गया। उक्त दोनों व्यक्तियों को बैग में भरे सामान के बारे में पूछा तो कभी आटा होना बताते तथा कभी घरेलू सामान होना बताकर काफी घबराये हुए लग रहे थे। उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा बैग के अन्दर भरे पदार्थ के बारे में सही जानकारी नही देने पर दोनो आरोपियों के बैग को खोलकर देखा तो अन्दर प्लास्टिक की पारदर्शी थैली में पिसा हुआ डोडा चूरा भरा पाया गया। प्रताप व सुरेन्द्र से पूछने पर उक्त दोनों ने भी उक्त थैलों में भरे मादक पदार्थ को पिसा हुआ डोडा चूरा बताया।

# मलोला सरपंच पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप, स्वयं के परिवार के सदस्यों के नाम बनाए फर्जी पट्टे, कार्यवाही की मांग

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

मलोला के प्रशासक कालूराम बलाई पर ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों ने परिवार के सदस्यों के नाम फर्जी पट्टे बनाकर पद का दुरुपयोग करने करने का आरोप लगाया है और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को ज्ञापन देकर धारा 38 में कार्यवाही करने की मांग की है । ज्ञापन में बताया की मालोला में पिछले 5 वर्षो से प्रशासक कालूराम द्वारा सभी काम किए जा रहे है और सारे पट्टे भी प्रशासक द्वारा ही जारी किए गए है और हस्ताक्षर भी उन्ही के है । एक भी पट्टा वार्ड पंचों और सचिव द्वारा नही बनाया गया है । सभी पट्टे सरपंच कालू द्वारा जारी किए गए है । वार्ड पंचों ने आरोप लगाया है की सरपंच ने अपने परिवार के सदस्यों के नाम फर्जी पट्टे बनाए और पद का दुरुपयोग किया। अब वह कही फंस न जाए इसलिए उप सरपंच, वार्ड पंचों और गोपाल गुर्जर के नाम लेकर फंसाया



जा रहा है । पिछले 6 महीनो में मालोला ग्राम पंचायत में एक भी काम नियमानुसार नही हुआ है । सरपंच ने फर्जी पट्टे बनाकर अपने पद का गलत उपयोग किया। ज्ञापन में बताया की गोपाल गुर्जर उप सरपंच का पुत्र है और कभी भी पंचायत के काम में दखलंदाजी नही की ओर किसी भी प्रकार का दबाव सचिव, वार्ड पंच और सरपंच पर नही बनाया । ज्ञापन में बताया की सरपंच झूठे मुकदमे में फंसाने को आमदा रहता है । जितने भी काम आज तक हुए वह सारे सरपंच द्वारा किए गए । सरपंच कालूराम झूठे केस में और एससी एसटी केस में फसाने की धमकियां देता है। वर्तमान में सरपंच द्वारा की गई शिकायत निराधार और झूठी है । ज्ञापन में आगे बताया की पंचायत और सरपंच की निजी सिम स्वयं के पास है और ओटीपी भी सरपंच द्वारा दिए जाते है । वार्ड पंचों ने आरोप लगाया की आधे समय सरपंच नशे में रहता है और आत्महत्या करने की झूठी धमकियां देता है जबकी हमारा इस पर कोई दबाव नहीं है । पिछले 6 महीने से कोई कोरम नही हुई है और नही हमे बुलाया जा रहा है। पिछले 6 महीने के कामों की हमे कोई जानकारी नहीं है पैसा अनाब शनाब तरीके से और नियम विरुद्ध खर्च किया जा रहा है । बिना स्वीकृति के भुगतान हो रहा है वही कोरम का पैसा भी उठाया जा रहा है । ग्राम पंचायत में गलत कार्यों में हमारे द्वारा किसी प्रकार का सहयोग नही किया जा रहा है । वार्ड पंचों ने सरपंच को पाबंद करने सहित सरपंच द्वारा किए गए कार्यों की जांच करने की भी में रखी है । ज्ञापन के दौरान मालोला पंचायत के वार्ड पंच फूला गाडरी, शाहरुख खान, राजूलाल, सायरी देवी, समता योगी, पुष्कर लाल माली, कसनी गुर्जर, जुबेदा बानू मौजूद थे।

# आत्मरक्षा से आत्मविश्वास की नई उड़ान: छात्राओं ने सीखा सुरक्षा का मंत्र

स्मार्ट हलचल

**जयपुर ।** महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशों पर कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट द्वारा जयपुर स्थित निर्वाण यूनिवर्सिटी में महिलाओं के सशक्तिकरण व सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की क्क्स्र ष्ह्ल आंतरिक शिकायत समिति (ढ्ढष्ट) के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्यूनिटी




पुलिसिंग सुनीता मीना ने किया। उन्होंने छात्राओं को आत्म-रक्षा की व्यवहारिक तकनीकों, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया तथा मानसिक सतर्कता के महत्व की जानकारी दी। उनके लाइव डेमो ने छात्राओं को विशेष रूप से प्रेरित किया।

कार्यक्रम में आईसीसी अध्यक्ष डॉ. ऋतु शर्मा, कुलपति प्रो. (डॉ.) एस.एल. गोदारा व प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) भावना देठा सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संदेश दिया कि सशक्त महिला ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है।

# बनेड़ा में पेशनर्स डे समारोह 17 दिसंबर को

स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा** - राजस्थान पेंशनर्स मंच तहसील शाखा के तत्वावधान में पेंशनर्स डे समारोह 17 दिसंबर को मनाया जाएगा । पेशनर्स मंच तहसील शाखा अध्यक्ष नियाज मोहम्मद सिलावट ने बताया कि राजस्थान सरकार के पेशनर्स व केंद्र सरकार के आर्मी रेल्वे दुरदर्शन बिजली आदि विभागों के सभी संगठनों के पेशनर्स व पारिवारिक का पेशनर्स डे समारोह 17 दिसंबर बुधवार को प्रात 11 बजे सामुदायिक भवन में मनाया जाएगा। समारोह के दौरान 80 वर्ष के पेशनर्स और नए पेशनर्स का सम्मान करने के साथ ही पेंशनर्स को नई जानकारियां दी




जाएंगी। समारोह को लेकर के संगठन के शंभुलाल दैराश्री यज्ञनारायण शर्मा ओमप्रकाश टेलर कृष्ण कुमार सोडाणी नवाब खान कायमखानी कल्याण सिंह राणावत रणजीत सिंह मोहम्मद नसीम सहित अन्य पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं ।

# मिनरल एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, नीतियों के सरलीकरण और नवाचारों से राजस्थान का माइनिंग सेक्टर लिख रहा प्रगति की नित नई इबारत

स्मार्ट हलचल| जयपुर/ भीलवाड़ा

राजस्थान सरकार के दो साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में माइनिंग सेक्टर में राजस्थान ने मिनरल एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, नीतियों के सरलीकरण और नवाचारों सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति की नई इबारत लिखी है। माइनिंग सेक्टर में राजस्थान रेकिंग में दूसरे नंबर पर आ गया है तो मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में भी दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। माइनिंग सेक्टर से नई सरकार के कार्यकाल में रेकार्ड 17,778 करोड़ रु. का राजस्व अर्जित किया है। आवश्यक सभी अनुमतियां प्राप्त कर खनिज ब्लॉकों के नीलामी के प्री-एम्बेडेड 8 ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया आरंभ कर राजस्थान देश का अग्रणी प्रदेश बन गया है। अब राजस्थान माइनिंग सेक्टर में खनिज खोज में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग (एआईएमएल) के उपयोग और खनिज डम्प्स और टेलिंग्स में स्ट्रेटेजिक व क्रिटिकल मिनरल्स की खोज की दिशा में नवाचार करने जा रहा है।

राज्य सरकार के दो साल के कार्यकाल में माइनिंग सेक्टर में राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए योजनावद्ध प्रयास किये गये और राज्य सरकार ने पहले साल में ही निवेशोन्मुखी सरलीकृत राजस्थान खनिज नीति-2024, राजस्थान एम.सेण्ड नीति-2024 और राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति-2025 जारी कर माइनिंग सेक्टर के सस्टेनेबल विकास की राह प्रशस्त की। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना रिप्स में सहायता प्रावधान किए गए हैं। प्रदेश से मेजर मिनरल के 112 ब्लॉकों की सफल नीलामी की जा चुकी है। इनमें से 73 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी वर्तमान सरकार के दो साल के कार्यकाल में हुई है। इसी तरह से 1209 माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में भी नया रेकार्ड बनाया गया है।

नई खनिज नीति के क्रियान्वयन से प्रदेश की जीडीपी में वर्तमान 3.4 प्रतिशत की भागीदारी को 2029-30 तक 5 प्रतिशत और 2046-47 तक 6-8 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। खनिज




क्षेत्र से सालाना राजस्व को एक लाख करोड़ करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया गया है। इसी तरह से खनिज क्षेत्र में करीब 35 लाख लोगों के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर एक करोड़ तक करना है। इसके साथ ही प्रदेश में सस्टेनेबल माइनिंग, स्ट्रेटेजिक व क्रिटीकल मिनरल्स के एक्सप्लोरेशन और माइनिंग के साथ ही पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक दायित्व सहित गुड गवर्नेंस के मूल सिद्धांतों का समावेश किया गया है।

माइनिंग सेक्टर में राज्य सरकार के दो साल के नित नए नवाचारों के साथ ही केन्द्र सरकार के क्रिटिकल मिनरल मिशन का राजस्थान प्रमुख हिस्सेदार प्रदेश बन गया है। राजस्थान में रेयर अर्थ एलिमेंट, लिथियम, टंगस्टन, नायोबियम, टिन, जिरकोनियम, रुबिडियम, ग्रेफाइट एवं फास्फोराइट आदि प्रमुख क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के डिपोजिट्स अच्छी मात्रा में है। भारत सरकार ने ई-नीलामी की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी है। प्रदेश के बाड़मेर के सिवाणा रिंग, जालौर व नागौर में दुर्लभ व आज के समय में महत्वपूर्ण रेयर अर्थ एलमेंट आरईई के भण्डार मिले हैं। पोटाश के हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर बेल्ट में डिपोजिट्स मिले है। नागौर में टंगस्टन के भण्डार है।

इसी तरह से नीलाम खानों को शीघ्र परिचालन में लाने के लिए एलओआईधारकों और संबंधित विभागों के बीच समन्वय व सहयोग के लिए पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल स्थापित कर सहयोग की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। राजस्थान को कोणार्क में आयोजित समारोह में केन्द्र सरकार द्वारा पुरस्कृत कर गौरवान्वित किया गया है। स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में भी राजस्थान ने दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। केन्द्र सरकार की स्टार रेटिंग में भी राजस्थान की पांच खानों ने स्थान बनाकर पुरस्कार प्राप्त किया है। माइनिंग सेक्टर में लगातार प्रक्रिया के सरलीकरण, औद्योगिक निवेश, रोजगार के बेहतर अवसर और राजस्व बढ़ोतरी के समन्वित प्रयास किये जा रहे हैं। माइनिंग सेक्टर को पेपरलेस बनाने, मोबाइल और इंटरनेट सेवी बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पेपरलेस कार्य संस्कृति की और कदम बढ़ाते पंचनामा, निरीक्षण के मोबाईल एप, ई रवन्ना, ई पेमेन्ट, कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन, एलआईएस, माइनिंग प्लान, विभागीय बकाया, नोड्यूज, डिमाण्ड आदि विभागीय गतिविधियों के मॉड्यूल पर कार्य आरंभ किया गया हैं। इसके साथ ही चरणबद्ध तरीके से माइनिंग सेक्टर में तुलाई कांटे (वे-ब्रिज) ऑटोमेशन और व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम का कार्य शुरु किया गया है।

राइजिंग राजस्थान 2024 के दौरान खनन एवं पेट्रोलियम सेक्टर से संबंधित करीब एक लाख करोड़ रु. राशि के 303 हस्ताक्षरित एमओयू अनुमोदित किये गये जिसमें से 35 हजार करोड़ रु. राशि के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग कराने के साथ ही कार्य प्रगति जारी है। निवेशकों से लगातार संवाद कायम है और ग्राउण्ड ब्रेकिंग के प्रयास जारी है।

# पटेल नगर में नवजात का शव मुंह में दबाकर घूमा कुत्ता: कई जगह से नोचा

## पुलिस बोली- किसी ने फेंका या खोदकर निकाला, जांच करेंगे



स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा शहर के पटेल नगर के सेक्टर नंबर 7 एरिया में शुक्रवार सुबह एक कुत्ता नवजात को मुंह में उठाकर ले जाता हुआ नजर आया, मौके पर बैठे कुछ लोगों ने कुत्ते को भगाया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात के शव को अस्पताल की मोर्च्युरी में शिफ्ट करवा जांच शुरू की । मामला प्रताप नगर थाना क्षेत्र का है, प्रताप नगर थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि पटेल नगर बंजारा बस्ती की ओर रहने वाले कुछ लोगों ने सूचना दी और बताया कि एक कुत्ता एक नवजात को मुंह में दबा कर ले जा रहा है और उन्होंने नवजात को कुत्ते से अलग कर कुत्ते को भगा दिया है। इस पर टीम मौके पर पहुंची ,वहां टीम पहुंची तो उन्हें नवजात मृत अवस्था में मिला था, जिसे अस्पताल की मोर्च्युरी में भिजवाया साथ ही पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नवजात वहां कैसे पहुंचा। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि ये एरिया खाली और सुनसान होने के चलते हो सकता है कोई नवजात को यहां फेंक कर गया हो । वही कुछ लोगों का कहना है कि शायद किसी ने मृत नवजात को दफन किया होगा और कुत्तों ने मिट्टी खोदकर इसे बाहर निकाल लिया होगा । फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी।

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से ही मानव कल्याण-स्वामी जगदीश पुरी

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ, 501 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाल गूंजे भगवान के जयकारें





स्मार्ट हलचल| काछोला

श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को ओंकारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से निकली 501 कलशों की भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने श्रद्धालुओं ने उमंग ,उत्साह व श्रद्धा के साथ भाग लिया। गाजे-बाजे, बैण्डबाजों और धार्मिक जयकारों के बीच आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं ने शोभायात्रा में सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा का मान बढ़ाया, यजमानों ने शोभायात्रा में ऊंट, घोड़े पर सवार होकर विभिन मंदिरों के भगवान के ध्वज हाथों में लेकर शोभायात्रा में सहभागिता निभाई। कलश यात्रा नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी।

जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्री लक्ष्मीनाथ के बैवाण के साथ जयकारों के साथ भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा का उत्साह बढ़ाया। मार्ग में जगह-जगह भगवान श्री लक्ष्मीनाथ के बैवाण मैं विराजित भगवान की पूजा-अर्चना की गई।नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत किया।

कथा महोत्सव में कथावाचक शक्करगढ़ अमर ज्ञान निरंजनी आश्रम के स्वामी जगदीश पुरी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुँची, जहाँ विधि विधान और वैदिक मंत्रोचारण के साथ श्रीमद् भागवत एवं कलश की स्वामी जगदीश पुरी महाराज के द्वारा स्थापना की गई।

ग्रामवासियों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 13 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित होगा, जिसमें प्रतिदिन स्वामी जगदीश पुरी महाराज के मुखारविंद से प्रेरणादायक कथा वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह और श्रद्धालुओं में विशेष उमंग देखने को मिल रही है। वही कथा स्थल पर आसपास के गांवो के सैकड़ों लोग बड़ी तादाद में पहुंच रहे हैं कथा का आनंद ले रहे हैं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कथा में शक्करगढ़ अमर ज्ञान निरंजन आश्रम के स्वामी जगदीश पुरी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य को मुक्ति प्राप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर अवश्य ही कथा श्रवण करना चाहिए, क्योंकि जिसने कथा सुनाई और जिसने सुनी–दोनों का ही कल्याण सुनिश्चित है।

स्वामी जी ने आगे कहा कि अन्य युगों में भगवान को प्रसन्न करने हेतु कठोर तप और साधना करनी पड़ती थी, लेकिन कलयुग में निष्काम भाव से कथा का श्रवण ही सारे विकारों का नाश कर देता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत एक कल्पवृक्ष के समान है, जो सत्य का बोध कराते हुए मनुष्य को भक्ति और मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि यही हमें मृत्यु जैसे शाश्वत सत्य से अवगत कराती है और जीवन को सद्मार्ग पर प्रेरित करती है। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने उपस्थित रहकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# लाखोला से बगैरा तालाब में जल मार्ग होकर सजी हुई नावों से पहुंची बारात



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** लाखोला से बगैरा गांव तालाब में होकर सजी हुई नावों से बारात पहुंची। क्षेत्र में अनोखे अंदाज से कन्हैयालाल पुत्र मांगी लाल जाट की बारात सजी हुई नावों से बगैरा शिवानी पुत्री रमेश जाट से शादी करने के लिए बगैरा गांव पहुंची, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

बारात में पुरुष, महिलाए लाखोला गांव से तालाब मार्ग से गुब्बारों से सजी हुई नावों में सवार होकर बगैरा गांव पहुंचे। लाखोला और बगैरा गांव के बीच पड़ता है तालाब, बारात सड़क मार्ग से नहीं ले जाकर तालाब के पानी के मार्ग से अनोखे अंदाज में ले जाई गई। दिनांक 11 दिसंबर की शाम को लाखोला तालाब में सजी हुई नावों से बारात रवाना हुई जो बगैरा गांव में पहुंची। इस बारात में पहुंचे दुल्हे कन्हैया लाल जाट की शादी शिवानी जाट के साथ रात्रि में सम्पन्न हुई।

# एडवोकेट अरविंद चौधरी रिकॉर्ड 22 मतों के अंतर से अध्यक्ष निर्वाचित हुए

## अभिभाषक संघ गंगापुर के चुनाव सम्पन्न

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर।** निर्वाचन अधिकारी रितेश सुराणा ने बताया कि दिनांक 12 दिसंबर को अभिभाषक संघ गंगापुर के अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में एडवोकेट अरविंद चौधरी ने रिकॉर्ड 22 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

अध्यक्ष पद दो उम्मीदवार होने के कारण शुक्रवार को मतदान हुआ। अरविंद चौधरी को 42 मत, पुष्पेंद्र सिंह राणावत को 20 मत मिले और एक मत खारिज हुआ। 22 मतों से अरविंद चौधरी को अध्यक्ष पद पर विजेता घोषित किया गया। परिणाम की घोषणा होते ही चौधरी समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ी, समर्थकों ने माल्यार्पण कर, आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया।

# मीरासी समाज की समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** मीरासी समाज संगठन ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए डी एन टी में दस्तावेज बनाने में आ रही परेशानियों को दूर करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि भीलवाड़ा जिले के गांव-ढाणियों में मीरासी समाज निवास करती है और यह समाज आज भी गरीबी और सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि देश की आजादी को 78 वर्ष बीत चुके हैं, फिर भी मीरासी समाज के लोग सरकारी सेवाओं और सुविधाओं से वंचित हैं। कई लोग 2002 के समय अपने नाम दर्ज नहीं करा पाए थे, जिससे उनके पास न मकान है, न कोई प्लॉट, और न ही किसी कब्रिस्तान की भूमि। समाज ने जिला कलेक्टर से आग्रह किया कि उन्हें मुख्यधारा में जोड़ा जाए और डी एन टी समाज में शामिल कर उनके मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और पहचान पत्र बनवाने में मदद की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि दस्तावेजों की समस्या से समाज बहुत परेशान है और शीघ्र समाधान की आवश्यकता है।

# श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन तीर्थ पर 13 से मनेगा भव्य जन्मकल्याणक महोत्सव, तैयारियां पूर्ण

स्मार्ट हलचल| काछोला



श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र पर भगवान पार्श्वनाथ का जन्मकल्याणक महोत्सव और वार्षिक मेला इस वर्ष भी पारंपरिक हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष प्रकाश कासलीवाल ने बताया कि दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कासलीवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 13 दिसंबर को महोत्सव का शुभारंभ प्रातःकालीन बेला में श्रीजी के अभिषेक और शांतिधारा के साथ होगा इसके पश्चात दोपहर में जबलपुर से पधारे बाल ब्रह्मचारी विनोद भैया के सानिध्य में भव्य 'पार्श्वनाथ मंडल विधान' का आयोजन किया जाएगा।

**महिला महासमिति का शपथ ग्रहण समारोह**

इसी दिन दोपहर 3 बजे दिगम्बर जैन महिला महासमिति (चंवलेश्वर संभाग) का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किशनगढ़ से परम संरक्षक वृति श्राविका सुशीला , शांता और तारिका जी पाटनी उपस्थित रहेंगी। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शीला डोडिया करेंगी ।

**14 दिसंबर को ध्वजारोहण**

मेले के दूसरे दिन, 14 दिसंबर को प्रातःकालीन अभिषेक और शांतिधारा के बाद मूलनायक मंदिर जी एवं क्षेत्र के अन्य मंदिरों पर नवीन ध्वजा चढ़ाई जाएगी इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# बिजौलिया नगर पालिका ईओ के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज

## अधिवक्ता के साथ अभद्र भाषा और अपमानजनक जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करने का आरोप

स्मार्ट हलचल| बिजौलिया



बिजौलिया नगर पालिका ईओ पंकज मंगल की परेशानी बढ़ गई है उन पर अधिवक्ता के साथ अभद्र भाषा और जातिगत अपमानजनक शब्दो का प्रयोग करने का आरोप लगा है और इसे लेकर ईओ के खिलाफ बिजौलिया थाने में एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज हुआ है । जानकारी के अनुसार बिजोलिया कलां में जिला कलेक्टर ने सरकारी जमीन से अतिक्रमण और दुकानों से अवैध निर्माण को हटाने के निर्देश दिए थे । जब बिजोलिया तहसीलदार ललित कुमार अन्य राजस्व कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे तो इस दौरान ईओ पंकज मंगल ने अधिवक्ता महेश धोबी और अनिल कुमार के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया साथ ही जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया । केसर गंज निवासी महेश धोबी ने आरोप लगाते हुए ईओ पंकज मंगल के खिलाफ बिजौलिया थाने में एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करवाया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उमेद सिंह बने भीलवाड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव पद पर पंकज कुमार दाधीच जीते, अधिवक्ताओं ने मनाया जश्न

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



भीलवाड़ा सेशन न्यायालय में शुक्रवार को भीलवाड़ा बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए । कड़ी और चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 9 बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई 3 बजे तक अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग करते हुए अपने चहेते प्रत्याशी को वोट दिया । कुल सात पदो के लिए मतदान हुआ जिसमे अध्यक्ष पद पार उमेद सिंह राठौड़ ने विजय प्राप्त की जिन्होंने अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदवार रामपाल शर्मा को 673 वोटो से मात दी । वही महासचिव पद पर पंकज कुमार दाधीच, कोषाध्यक्ष पद पर रवि गौरानी, रेवेन्यू महासचिव पद पर मनोहर लाल सहसचिव पद पर आदित्य सिंह और पुस्तकालय सचिव पद पर अभिषेक असावा ने जीत दर्ज की । कुल 970 अधिवक्ताओं ने अपनी नई कार्यकारिणी के लिए मतदान किया । चुनाव के दौरान आईडी कार्ड लाना आवश्यक था । इस दौरान सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी गई साथ ही बैनर पोस्टर लगाने पर पूर्ण रूप से रोक थी ।

अध्यक्ष पद पर उमेद सिंह और अन्य प्रत्याशियों के जीतने के बाद कोर्ट परिसर में जश्न मनाया गया समर्थको ने आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया नवनियुक्त अध्यक्ष और अन्य प्रत्याशियों को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी वही अधिवक्ताओं ने डीजे पर जमकर डांस किया और खूब थिरके।

# करेड़ा महाविद्यालय में 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल

**करेडा।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 7 दिवसीय विशेष शिविर का प्राचार्य डॉ पूर्णिमा दाधीच के मुख्य अतिथि में शुभारंभ किया गया। इस मौके पर दाधीच ने कहा कि इस योजना के मूल मन्त्र को समझाते हुए स्वयंसेवकों में सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना है ।सहायक आचार्य महेंद्र गुर्जर सेवा परोपकार एवं सामाजिक दायित्व की महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया ।इस दौरान अभिशिखा चौधरी, प्रताप चदं, मनिष लोर, मोहित चौधरी, सहित अन्य शिक्षक व सवयसेवकं उपस्थित थे ।

# अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ द्वारा पुरानी सेवा गणना को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा



अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ शाहपुरा द्वारा प्रबोधकों की पुरानी सेवा की गणना को पुनः लागू कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार शाहपुरा को सौंपा गया। ज्ञापन आईटी सेल प्रभारी एवं संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत ब्लॉक अध्यक्ष गजराज सिंह राठौड़ के सानिध्य में सौंपा गया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नंदलाल सनाढ्य, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र लोहार, जिला मंत्री शौकीनलाल धोबी सहित शाहपुरा ब्लॉक की पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही। संगठन ने बताया कि जिला अध्यक्ष किशन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में आज जिले के सभी ब्लॉकों में एकसाथ यह मांगपत्र सौंपा गया। प्रबोधक वर्ग की पुरानी सेवा की गणना को पुनः बहाल करने की एकमात्र मांग को लेकर जिले के सभी ब्लॉक सक्रिय रहे।

जहाजपुर ब्लॉक में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत के नेतृत्व में बनेड़ा ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश सुथार के नेतृत्व में मांडलगढ़ ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष राधाकृष्ण लक्षकार एवं मथुराप्रसाद माली के नेतृत्व में सभी स्थानों पर संबंधित उपखंड अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने चेतावनी दी कि मांग पूर्ण नहीं होने पर आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# कन्या महाविद्यालय में भारतीय परिधान में छात्राओं ने बिखेरा जलवा



## साड़ी पहनने में दुर्गा माली संजना कोली प्रथम रही

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा

महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या महाविद्यालय में चल रहे संस्कृति संगम सांस्कृतिक साहित्यिक कार्यक्रम के दूसरे दिन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सचिना कला संस्थान अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संस्कृत विद्यालय प्रधानाचार्य परमेश्वर सुथार रहे ।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश कुमावत ने सभी अतिथियों का तिलक माल्यार्पण करके स्वागत किया । छात्राओं ने भारत के विभिन्न अंचलों एव प्रदेशों की पारंपरिक साड़ियां पहनी। छात्राओं ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया । कार्यक्रम का संचालन पूर्णा पारीक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरिता छीपा, बृजेश शर्मा, अमित शर्मा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। अनुराग शर्मा, अभिषेक बसेर, लेखराज पाराशर ने कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के दोरान लघु नाटक में मैना प्रजापत एण्ड ग्रुप प्रथम व अंजलि एण्ड ग्रुप द्वितीय, एक मिनिट अन्त्याक्षरी में बी.एड. से रिजुशाह एण्ड ग्रुप प्रथम, डीएलएड में अंकिता एण्ड ग्रुप प्रथम, धुन सुन नाम बताना में बी.एड. से गरिमा सुवालका एण्ड ग्रुप प्रथम व डीएलएड से अर्पिता एण्ड ग्रुप प्रथम, साड़ी पहनना में बी.एड. से दुर्गा माली प्रथम, डीएलएड में संजना कोली प्रथम, बिंदी लगाना में बी.एड. से पूजा राजोरा प्रथम, पूजा माली द्वितीय, डीएलएड में राहु जाट प्रथम, संजू खारोल द्वितीय, सुई धागा में बी.एड. से दुर्गा माली प्रथम, डीएलएड में अंकिता तेली, रेशमा बानू प्रथम, बैलून फुलाना में बी.एड. से मेमुना बानो प्रथम, डीएलएड में कोमल धोबी प्रथम स्थान पर रही । कार्यक्रम में मीना शर्मा, रेहाना परवीन छीपा सहीत महाविद्यालय स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# श्री चंद्रमा यज्ञ व पंच कुण्डीय यज्ञ की पूजा-अर्चना कर हवन में दी आहुतियां

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** लाडपुरा कस्बे में स्थित धार्मिक मंदिर भगवान श्री बिहारी नाथ देवनारायण की बनी में मंदिर प्रांगण में बानोड़ा बालाजी के सानिध्य में आयोजित श्री रामकृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ एवं श्री चंद्रमा यज्ञ व अखंड पंच कुण्डीय यज्ञ की पूजा हवन यज्ञ में मंत्रों की पवित्र आहुतियां लगा दीपदान किया। शुक्रवार को कार्यक्रम में श्रीराम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ एवं मृगशिरा नक्षत्र में श्री बानोड़ा बालाजी पंडित कैलाश चन्द्र शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार से श्री रामचरित मानस पाठ का दशांश हवन, एवं श्री चंद्रमा यज्ञ व पंच कुण्डीय यज्ञ की मंत्रोचार से शुभारंभ किया गया। प्रतिदिन यज्ञ स्थल पर श्री चंद्रमा यज्ञ व पंच कुंडात्मक महायज्ञ में 25 जोड़ों ने श्री चंद्रमा यज्ञ व दशांश हवन, नाम की पवित्र आहुतियां दी। बालाजी पंडित कैलाश चन्द्र शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चारण से नियमित रामचरित मानस पाठ, दशांश हवन और विश्व कल्याण के लिए आहुतियां दी। यज्ञ मंडप में विराजित रथ पर भक्त दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं। आस-पास के 12 गांवों के श्रद्धालु यहाँ नित्य पूजा-अर्चना कर रहे हैं। महायज्ञ के दौरान चारभुजानाथ का बेवाण विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मंदिर प्रांगण में विशेष रामजी, श्रीकृष्ण, भगवान श्री चारभुजा नाथ की बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। गुरुवार को रात्रि में आयोजित भजन संध्या में कलाकार गोकुल प्रजापत, एवं जगदीश धाकड़, व पंकज सेन, एंड पार्टी मंडल ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस धार्मिक अनुष्ठान में बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर विकास समिति अध्यक्ष नन्द किशोर सनाढ्य, संरक्षक रणजीत सिंह शक्तावत, जोगणियां माता शक्तिपीठ अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, भगवान सुथार, दिनेश सिंह शक्तावत, मोडू माली, शंभू धाकड़, नंद गुर्जर, कालू सुथार, सहित बानोड़ा से कमलेश सुथार व शंभू सुथार एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। पूर्णाहुति 13 दिसंबर शनिवार को महाप्रसाद के साथ होगी।

# उदयपुर पहुंचे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला

## पारंपरिक मेवाड़ी अंदाज़ में भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

क्रिएटिव सर्किल उदयपुर की ओर से शनिवार को होने वाली 'गूगल कर ले रे...' नाट्य प्रस्तुति में भाग लेने के लिए पहुंचे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का शुक्रवार शाम भव्य स्वागत किया गया। उदयपुर की पिछोला झील किनारे स्थित लीला पैलेस जेटी पर उनका विजयोत्सव जैसा स्वागत हुआ।



शुक्ला के साथ उनकी धर्मपत्नी कामना शुक्ला और पुत्र कियाश शुक्ला भी मौजूद रहे।

उनके आगमन पर क्रिएटिव सर्कल की ओर से सुनील लड्ढा, डॉ. कमलेश शर्मा, हेमंत जोशी, संदीप राठौड़, विनय दवे, नाट्य निर्देशक सुनील टांक, सोनू परिहार, नीलोफर मुनीर, भावना शर्मा, प्रियंका कोठारी, संस्कार शर्मा, प्रियेश, जय शर्मा सहित शहर के अनेक कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मेवाड़ी पाग पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर उनका पारंपरिक अभिनंदन किया।

स्थानीय कलाकारों के इस आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर शुक्ला ने उदयपुर की सांस्कृतिक विरासत, मानवीय संवेदनाओं और झीलों की नगरी के नैसर्गिक सौंदर्य की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि उदयपुर जैसी भूमि पर आकर उन्हें विशेष ऊर्जा और अपनत्व का अनुभव होता है।

# श्री दुधाखेडी माताजी नवीन मंदिर निर्माण कार्य हेतु 13 लाख 51 हजार रुपये का नगद चैक सोलंकी द्वारा प्रदान

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** प्रसिद्ध आरोग्य धाम श्री दुधाखेडी माताजी नवीन मंदिर निर्माण कार्य हेतु मातारानी के परम भक्त ,राजपूत समाज के वरिष्ठ समाज सेवी भानपुरा क्षेत्र के ग्राम सातलखेड़ी निवासी तेजसिंहजी सोलंकी द्वारा श्री दुधाखेड़ी माताजी नवीन मंदिर निर्माण कार्य हेतू 13,51,000/- रूपये की दान राशि दुधाखेडी माताजी मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष अनुविभागीय



अधिकारी (राजस्व) गरोठ राहुल सिंह चौहान को चेक के माध्यम से प्रदान किया गया इस अवसर पर श्री जगद्‌गुरु शांकराचार्य ज्ञाननंद जी तीर्थ भानपुरा पीठ,युवाचार्य वरुणेंद्र तीर्थ एवं मंदिर प्रबंध समिति सचिव तहसीलदार भानपुरा विनोद शर्मा एवं प्रकाश नाथ जी महाराज इंद्रगढ़ आश्रम भानपुरा ,ग्राम सातल खेड़ी सोलंकी परिवार के प्रतापसिंह सोलंकी,गोवर्धन सिंह सरपंच ,शिवराज सिंह,दिलीप सिंह,वीरेन्द्र सिंह,रघुराज सिंह,विधायक सुपुत्र गोपाल सिंह सिसोदिया ,मंदिर पुजारी घनश्याम नाथ योगी, आत्मा राम योगी ,लक्ष्मीनारायण नाथ, रघुनाथ नाथ योगी, मोहन नाथ योगी ,पुरानाथ योगी केसर नाथ योगी, , मंदिर लेखापाल नरेंद्र कुमार शर्मा,मंदिर व्यवस्थापक रामेश्वर शर्मा की।

## अभिभाषक संघ निम्बाहेड़ा चुनाव–2026

# रणजीत सिंह राणावत बने अध्यक्ष

मतदान शांतिपूर्ण, 177 में से 170 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा



अभिभाषक संघ, निम्बाहेड़ा की वर्ष 2026 की कार्यकारिणी हेतु आयोजित चुनाव में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सोमाणी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी महावीर जैन ने बताया कि कुल 177 अधिवक्ताओं में से 170 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अध्यक्ष पद के लिए रणजीत सिंह राणावत और ज्ञानचन्द्र धाकड़ के मध्य कड़े मुकाबले में रणजीत सिंह राणावत 73 मतों से विजयी घोषित हुए। उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार सोलंकी, शंभूलाल तेली एवं सोनू नायक (सोनिया) के मध्य हुए त्रिकोणीय मुकाबले में राजेश कुमार सोलंकी 27 मतों से विजयी रहे।

कोषाध्यक्ष पद हेतु कुशलराज डूंगरवाल और मुकेश कुमार खटीक के मध्य हुए चुनाव में कुशलराज डूंगरवाल 61 मतों से विजयी घोषित हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सोमाणी ने बताया कि सचिव पद पर शुभम छाजेड़, सह-सचिव पद पर चन्द्रपाल सिंह शक्तावत तथा पुस्तकालय प्रभारी पद पर ईश्वरलाल धाकड़ पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। चुनाव प्रक्रिया पूर्णतः शांतिपूर्ण रही तथा अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में सहभागिता निभाई।

## डाइट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

# लुप्त हो रहे पारंपरिक खेलों को संजोए रखने की आवश्यकताः राठौड़

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उदयपुर के तत्वावधान में आयोजितशारीरिक शिक्षकों का शारीरिक साक्षरता पर आधारित क्षमता संवर्धन तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।

डाइट वाइस प्रिंसिपल डॉ बृजबाला शर्मा के अनुसार समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला साक्षरता अधिकारी महिपाल सिंह राठौड ने अपने उद्बोधन में एनईपी 2020 के तहत शारीरिक साक्षरता अंतर्गत विद्यार्थियों को लुप्त प्राय हो रहे हमारे पारंपरिक खेलों को पुनः विद्यालयी गतिविधियों में शामिल किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।



इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) देशपाल सिंह शेखावत एवं समाजसेवी किशन चौहान ने संभागियों से चर्चा उपरान्त विद्यालय में आवश्यक संसाधन उपलब्धता सुनिश्चित करनें हेतु भामाशाहों का सहयोग लेने की अपील की।

इस अवसर पर राज्य स्तरीय शारीरिक साक्षरता कार्यक्रम में विभाग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण पांचाल ने राज्य स्तर पर हो रहे कार्यक्रमों की प्रायोगिक एवं सेद्धान्तिक जानकारी प्रस्तुत की।

स्थानीय संस्थान के कार्यानुभव प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश कुमावत ने प्रशिक्षण के तीन दिनों के सत्रों यथा प्रार्थना सभा में सामूहिक व्यायाम, व्यसन मुक्त एवं तनाव प्रबंधन कौशल, यातायात के नियमों, खेल सामग्री के रखरखाव एवं संचालन, व्यक्तिगत स्वास्थ्य, मानवीय मूल्यों की शिक्षा आदि की समीक्षा की।इस अवसर पर अतिथियों द्वारा संदर्भ व्यक्ति चुन्नीलाल चन्देरिया एवं हरिवल्लभ रेगर को सफल प्रशिक्षण संचालन, प्रायोगिक गतिविधियाँ आयोजित कराने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यानुभव प्रभाग प्रभारी एवं कार्यक्रम समन्वयक लक्ष्मणदास वैष्णव ने संभागियों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को उनके रूचि अनुसार खेलों का चयन एवं मार्गदर्शन में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। प्रशिक्षण संबंधी अभिव्यक्ति के सत्र में संजय आमेटा, मदनलाल सुथार, हरिसिंह राजावत, रणवीर सिंह राणावत, बलराम सिंह राजावत, संजय वैष्णव, घनष्याम मेघवाल आदि ने अपने अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण का प्रतिवेदन जगतसिंह राठौड द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं इस दौरान तकनीकी सहयोग सुनील कुमावत द्वारा किया गया। समापन अवसर पर समस्त संभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये अंत में प्रशिक्षण प्रभारी लक्ष्मणदास वैष्णव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस प्रशिक्षण में उदयपुर एवं सलुम्बर जिले के समस्त ब्लॉकों से 40 शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया।

# बानसूर में अभिभाषक संघ चुनाव संपन्न, शशि नाहरवाल अध्यक्ष निर्वाचित



स्मार्ट हलचल | बानसूर

अभिभाषक संघ के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इस दौरान शशि नाहरवाल ने कड़ी टक्कर में महज तीन वोटों से जीत दर्ज करते हुए अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। उन्होंने प्रतिद्वंदी बलबीर शेखावत को हराया। कुल 111 सदस्यों वाले संघ में से 109 सदस्यों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिसमें शशि नाहरवाल को 56 वोट और बलबीर शेखावत को 53 वोट प्राप्त हुए। इससे पहले भैरू सहाय स्वामी को निर्विरोध उपाध्यक्ष, किशोर सिंह को सचिव, सतीश सैनी को कोषाध्यक्ष और जैनाराम को निर्विरोध पुस्तकालय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी शंकरलाल सैनी और नीरज शर्मा की देखरेख में किया गया। मतदान सुबह से ही शुरू हो गया था, जो तीन बजे तक हुआ। उसके बाद मतगणना की गई। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। वोटों की गिनती के दौरान दोनों उम्मीदवारों के समर्थकों में रोचक उत्सुकता देखने को मिली। अंततः परिणाम आते ही शशि नाहरवाल के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजय के बाद चुनाव अधिकारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशि नाहरवाल को विधिवत शपथ दिलाई। इसके बाद अभिभाषक संघ के सदस्यों ने उन्हें माला पहनाकर और साफा बांधकर स्वागत किया। संघ में माहौल उत्साहपूर्ण रहा और अनेक अधिवक्ता एक-दूसरे को बधाइयाँ देते नजर आए। शशि नाहरवाल ने कहा कि वे अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान और संघ को अधिक संगठित और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। इस चुनाव ने बानसूर अभिभाषक संघ में नई ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का संचार किया है।

# सरकार द्वारा बिजली पर अतिरिक्त भार वसूलना निराशाजनकः जाड़ावत

स्मार्ट हलचल| ओम जैन



**शंभूपुरा।** राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने बिजली उपभोक्ताओ पर बिल में 60 से 350 रुपए के अतिरिक्त भार वहन करने को लेकर कहा है कि आमजन को बिजली में राहत देने की बजाय भजनलाल सरकार अतिरिक्त भार वसूलने लगी है किसानों को दिन में बिजली पहले भी मिलती रही है। पूर्व कांग्रेस सरकार में ही अधिकांश बिजली ग्रिड की स्थापना हुई है, किसानों को समय पर विद्युत आपूर्ति नहीं मिलती है इसके बावजूद भजनलाल सरकार द्वारा बिजली पर अतिरिक्त भार वसूलना निराशाजनक है।

पूर्व मंत्री ने कहा है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हिंदुस्तान जिंक के एक फर्टिलाइजर प्लांट के शिलान्यास का कार्यक्रम रद्द होना निराशाजनक है भाजपा जनप्रतिनिधियों की अंदरूनी कलह के कारण दौरा रद्द करना पड़ा अगर प्लांट का शिलान्यास होता एवं शीघ्र कार्य पूरा होता तो जिले में रोजगार के अवसर प्राप्त होते एवं युवाओं को नौकरियां मिलती पहले भी हिंदुस्तान जिंक समय समय पर मांग के अनुरूप रोजगार के अवसर एवं जनहित में विकास कार्यों को लेकर फंड देते रहा है किंतु भाजपा नेताओं का आपसी तालमेल नहीं बैठने के कारण दौरा रद्द हुआ अगर मुख्यमंत्री जिले के दौरे पर आ रहे तो बस्सी उप जिला चिकित्सालय के निर्माण को शुरू करवाना सेटेलाइट हॉस्पिटल में पूर्व में स्वीकृत सेवाओं की और उनका ध्यान आकर्षित कर जनहित में इसे पूरा करवाते तो जिले को फायदा होता।

# सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए भर्ती जारी, बड़गांव व गोगुन्दा में हुए कैम्प

## शनिवार को पंचायत समिति झाडोल में लगेगा शिविर

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में एसआईएस सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर उदयपुर द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के लिए पंचायत समिति स्तर पर भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 11 दिसम्बर को पंचायत समिति बड़गांव एवं 12 को गोगुंदा में शिविर हुए। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।



कमांडेंट कार्यालय उदयपुर से राकेश चौधरी ने बताया कि शनिवार को पंचायत समिति झाडोल में शिविर होगा। वहीं 15 को कोटडा, 16 को मावली, 17 को वल्लभनगर, 18 को गिर्वा, 19 को ऋषभदेव, 20 को खेरवाड़ा, 22 को भीण्डर तथा 23 दिसम्बर को लसाडिया में शिविर होगा। किसी भी पंचायत समिति के अभ्यर्थी इन पंचायत समितियों के शिविर में भाग ले सकते हैं। भर्ती केम्प का समय सुबह 11 से अपराह्न 4 बजे तक रहेगा। सुरक्षा जवान के लिए 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवा की उम्र 19 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी की ऊँचाई 167 से 170 सेमी एवं वजन 55 से 90 किलोग्राम होना आवश्यक है। अभ्यर्थी अपनी 10 वीं व 12 वीं सहित समस्त शैक्षिक एवं प्रशैक्षिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड की फोटोकॉपी एवं एक पासपोर्ट साईज फोटो व 350/- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ संपर्क कर सकते हैं। चयनित युवाओं को एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ,इसके पश्चात प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ भारत सरकार एवं राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे जेके सीमेंट डबोक, जेके सीमेंट निंबाहेड़ा, सिंघानिया यूनिवर्सिटी उदयपुर, राफेल होटल ग्रुप,जेके लक्ष्मी सीमेंट जैतारण के निजी क्षेत्र में नियुक्ति दी जाएगी।

# मुकेश गर्ग और अजय गोयल ऐतिहासिक बादशाह मेला संयोजक नियुक्त



मुकेश गर्ग



अजय गोयल

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर शहर को विश्व पटल में पहचान दिलाने वाले ऐतिहासिक बादशाह मेला के सफल संचालन हेतु अग्रवाल समाज द्वारा मुकेश गर्ग और अजय गोयल को मेला संयोजक नियुक्त किया गया। साथ ही विशाल मित्तल कमल सर्राफ व भरत गर्ग को सह संयोजक नियुक्त किया गया। समाज अध्यक्ष अमित बंसल ने बताया कि ब्यावर जिला बनने के पश्चात् तिसरी बार बादशाह मेला आयोजित किया जायेगा इसलिए मेले में उमंग हर वर्ष से अधिक रहेगी। बादशाह मेला इस बार 5 मार्च गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। समाज ने युवाओं को ऐतिहासिक मेले की जिम्मेदारी सौंपी है। मंत्री सी ए निखिल जिंदल ने बताया कि सन 1851 से बादशाह मेले का सफल आयोजन सर्व समाज के सहयोग से अग्रवाल समाज निरंतर कर रहा हैं। इस वर्ष भी मेला पूरे उत्साह व धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। पर्यटन मेला के रूप में आयोजित होने वाले इस मेले में राजस्थान प्रदेश के अनेक शहरों से लोग यहाँ आकर इस मेले का आनंद लेते है।प्रचार मंत्री चंद्रेश चिंटू गर्ग ने बताया की इस सभा में श्रवण बंसल मुकेश अरडका पवन रायपुरिया कमल मुरारका अभिषेक सटाक राजेंद्र एन अग्रवाल कृष्ण कुमार गोयल आलोक गुप्ता सतीश सर्राफ अशोक गोयल नरेश मित्तल गिरधारी अग्रवाल ओम प्रकाश अग्रवाल श्याम सुंदर अग्रवाल लोकेंद्र अग्रवाल सुशील गर्ग, सुशील जिंदल दीपक मित्तल आदी मौजुद थे।

# छात्रवृत्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ, 31 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप के माध्यम से आवेदन करने हेतु पोर्टल 11 दिसम्बर से प्रारंभ हो चुका है। अन्तिम तिथि दिनांक 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि विभाग की ओर से संचालित विभिन्न उत्तर मैट्रिक योजनाओं यथा अनूसूचित जाति/जनजाति, अति पिछडा वर्ग/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक पिछडा वर्ग/मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना/विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय तथा मिरासी एवं भिश्ती समुदाय योजना में राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर संचालित राष्ट्रीय/राजकीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित/अध्ययनरत छात्रों हेतु संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन 31 जनवरी 2026 तक किया जा सकेगा। विभागीय छात्रवृति योजना में आवेदन किये जाने से पूर्व विद्यार्थियों के लिए नेशनल स्कोलरशिप पोर्टल की वेबसाईट अथवा एनएसपी ओटीआर एप के माध्यम से वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक होगा।

# नहर को तोड़कर पानी रोक देने की समस्या को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**जुरहरा।** जुरहरा कस्बा सहित तहसील के ग्राम पाई के किसानों ने जुरहरा तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर गुड़गावां कैनाल की चोमोरा पुलिया को दबंगो द्वारा तोड़कर पानी रोक देने की शिकायत की है। मुख्यमंत्री के नाम जुरहरा तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत जुरहरा व पाई के किसानों के लिए गुडगावां कैनाल से हथीन माईनर में होकर पानी आता है जिसमें कुछ दबंग लोगों द्वारा चौमोरा पुलिया



को तोड दिया गया है जिससे सारा पानी लाडलाका-सहसन वाली डैम में चला जाता है। लाडलाका पुलिया के आसपास लोगों ने माइनर तोडकर निजी कुलावे लगा रखे हैं जिससे जुरहरा और पाई के जंगल में पानी नहीं पहुंच पाता है पानी के अभाव में फसल सूख रही है। जब भी किसान पानी के लिए जाते हैं तो चौमोरा पुलिया पर झगडे की संभावना बनी रहती है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराने बावजूद कोई भी हल नहीं किया गया है। किसानों ने मांग की है कि चौमोरा पुलिया पर गेट लगावाया जाये जिससे जुरहरा व पाई के किसानों को पानी मिल सके। भविष्य में कोई झगडा होने व अप्रिय घटना घटित होने पर जिला प्रशासन पूर्ण रुप से जिम्मेदार होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से धर्मसिंह फागना, ऋषिराज शर्मा, लेखराज फागना, धर्मेन्द्र चौधरी, शिवराम प्रजापति, कैलाश योगी, रोशन सैनी, अर्जुनसिंह मानवी, शुगन सिंह गुर्जर, विजय सिंह गुर्जर, गौरव अग्रवाल, रोशन सैनी, श्याम बघेल, त्रिलोक गौड़, दुर्गेश शास्त्री, जगमोहन सैनी, हरवीर गुर्जर, लाखनसिंह पाई, महेश पाई सहित काफी संख्या में अन्य किसान उपस्थित रहे।

# कानपुर पुलिस ने शुरू किया वसूलीबाजों के खिलाफ ऑपरेशन 500

स्मार्ट हलचल

कानपुर।वसूलीबाज यूट्यूबर्स, कथित पत्रकार, थाने के दलाल और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों पर शिकंजा कसने के इरादे से यहां के पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल द्वारा ऑपरेशन 500' शुरू कर दिया गया है। इस ऑपरेशन के तहत इसके लिए एक वॉट्सऐप नंबर जारी किया गया है। वसूली बाजों के खिलाफ इस अभियान के मुताबिक सूचना देने वालों का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। हालांकि सूचना झूठी मिलने पर उनके खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी। अवगत कराते चलें कि पूर्व पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के ऑपरेशन महाकाल के बाद कमिश्नरेट पुलिस का यह दूसरा ऑपरेशन है जिसके शुरू होने से वसूलीबाजों में हड़कंप मचा है।

इस अभियान के बारे में जानकारी देतेहुए पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस को लगातार वसूलीबाज, रंगदारी, थानों में दलाली और जांच के नाम पर पीड़ितों से उगाही की सूचनाएं मिल रहीं थी। इसे देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने ऑपरेशन 500 की शुरुआत की है।

इस बारे में जो योजना बनाई गई है । उसके मुताबिक यह ऑपरेशन लगातार 500 घंटे तक चलेगा। पीड़ित आसानी से सूचनाएं दे सकें इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस ने वॉट्सऐप नंबर 7839863274 जारी किया है।

आमजन से सही सूचना और शिकायत देने की अपील करते हुए पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि पीड़ित इस नंबर पर साक्ष्यों के साथ अपनी शिकायत भेज सकते हैं।

# गाजर के हलवे ने बिगाड़ी पुलिस की सेहत, 10 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की हलवा खाने से तबियत बिगड़ी

स्मार्ट हलचल| जयपुर

राजधानी में पुलिस मुख्यालय में तैनात 10 से अधिक पुलिसकर्मियों की तबीयत गाजर का हलवा खाने के बाद बिगड़ गई. सभी पुलिसकर्मी अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है. इनमें दो अतिरिक्त एसपी, तीन एसआई, तीन एएसआई और अन्य हेड कांस्टेबल शामिल हैं. जानकारी के अनुसार, एक पुलिसकर्मी के जन्मदिन के अवसर पर गांधीनगर मोड़ स्थित एक मिठाई की दुकान से गाजर का हलवा मंगवाया गया था. हलवा खाने के कुछ समय बाद ही पुलिसकर्मियों को उल्टी, पेट दर्द और अन्य समस्याएं शुरू हो गईं, जिसके



बाद वे निजी अस्पताल पहुंचे. फूड सेफ्टी टीम ने लिए सैंपलः मामले की सूचना मिलते ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प्रथम) डॉ. रवि शेखावत ने तुरंत कार्रवाई की. उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय से जानकारी मिली थी कि कुछ पुलिसकर्मी गाजर का हलवा खाने से बीमार पड़ गए हैं. इस पर एक टीम को संबंधित मिठाई की दुकान पर भेजा गया, जहां से हलवे के सैंपल लिए गए. ये सैंपल जांच के लिए लैबोरेटरी भेज दिए गए हैं. रिपोर्ट आने के बाद फूड सेफ्टी एक्ट के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी. डॉ. शेखावत ने आगे बताया कि चिकित्सकों की एक टीम अस्पताल भी पहुंची है, जहां बीमार पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है और तबीयत बिगड़ने के सटीक कारण का पता लगाया जा रहा है. सभी पुलिसकर्मियों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है. यह घटना फूड सेफ्टी के मुद्दे को फिर से उजागर करती है, खासकर त्योहारों और सर्दियों के मौसम में जब गाजर का हलवा जैसी मिठाइयां ज्यादा खाई जाती हैं।

# दर्ज मुकदमे में एफआर लगाने की एवज में एएसआई ले रहा था रिश्वत

स्मार्ट हलचल| जयपुर



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की पाली द्वितीय टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी पिपलिया कला पुलिस थाना रायपुर जिला ब्यावर के चौकी प्रभारी एएसआई (सहायक उपनिरीक्षक) भागाराम को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी की जांच में सामने आया कि एएसआई भागाराम दर्ज मुकदमे में एफआर लगाने की एवज दो लाख रुपये रिश्वत मांग कर एक लाख इक्कीस हज़ार रिश्वत लेने पर सहमत हुआ था। फिलहाल एसीबी की टीम पूछताछ करने में जुटी है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी पाली द्वितीय को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिता के खिलाफ रायपुर थाने में दर्ज मुकदमे में एफआर लगाने की एवज में एएसआई भागाराम रिश्वत मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी पाली द्वितीय के प्रभारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींव सिंह ने शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए एएसआई भागाराम को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

# 11 दिन की प्रतीक्षा के बाद 1600 बैग यूरिया पहुंचा, लेकिन नाकाफी

## खाद वितरण से लेकर बिजली ब्लॉक तक किसानों को झेलनी पड़ रही दिनभर की जद्दोजहद

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** किसानों की लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गुरुवार रात सावर उपखंड को 1600 बैग यूरिया खाद का पहला स्टॉक मिला। दिसंबर माह में 11 दिन तक आपूर्ति ठप रहने के कारण किसान परेशान रहे थे। पहली खेप पहुंचने के साथ ही उम्मीद जगी, लेकिन भारी भीड़ को देखते हुए यह स्टॉक भी नाकाफी साबित हो रहा है।



### सुबह से उमड़ा किसानों का सैलाब, हाईवे पर धीमी हुई आवाजाही

खाद वितरण की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों–गोरधा,गोपालपुरा,बिसुंदनी,नापाखेडा,निमेडा,पाडलिया सहित कई क्षेत्रों के किसान अपनी बाइक, ट्रैक्टर और अन्य साधनों से सावर पहुंच गए।

शुक्रवार दोपहर तक देवली रोड पर किसानों की लंबी कतारें लग गईं। भीड़ इतनी अधिक थी कि अजमेर-कोटा हाईवे पर भी ट्रैफिक प्रभावित हुआ। सड़क किनारे खड़े वाहनों और भीड़ के कारण दोपहर बाद वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ गई।

### बिजली की मार, 6 घंटे की सप्लाई में नहीं हो पा रही सिंचाई

सावर उपखंड के किसानों को इन दिनों यूरिया की कमी के साथ-साथ बिजली संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। कृषि कनेक्शन पर केवल छह घंटे ही बिजली मिल रही है। किसानों का कहना है कि सुबह से लाइन में लगने, खाद लेने और खेतों तक पहुंचाने में ही बिजली के 'ब्लॉक टाइम' का बड़ा हिस्सा निकल जाता है, जिससे समय पर सिंचाई नहीं हो पाती। इससे चने, गेहूं, सरसों और अन्य रबी फसलों पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

### किसानों का आरोपः 270 की जगह 330 रुपए वसूले, कोई अन्य उत्पाद भी नहीं दिया

किसानों बताया कि एक आधार कार्ड पर दो बैग यूरिया दिया जा रहा है, जो पर्याप्त नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रति बैग 330 वसूले जा रहे हैं, जबकि निर्धारित मूल्य 270 है, और इसके साथ कोई अन्य कृषि उत्पाद भी नहीं दिया जा रहा। किसानों ने इसे सरासर मनमानी और अवैध वसूली बताया।

### कृषि अधिकारी की चेतावनीः अधिक दाम वसूले तो रद्द होगा लाइसेंस

इस संबंध में सहायक कृषि अधिकारी बी.एल. मीणा ने पुष्टि की कि दिसंबर महीने में यह यूरिया की पहली खेप है। उन्होंने कहा कि यूरिया खाद का सरकारी मूल्य 270 प्रति बैग तय है। यदि किसी केंद्र पर ज्यादा राशि वसूलने या कालाबाजारी की जानकारी मिलती है, तो संबंधित डीलर का लाइसेंस तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

# नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाए




स्मार्ट हलचल

वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र के नगर पालिका पुलिस प्रशासन के सहयोग से मुख्य बाजार चौराहे और प्रमुख मांगों पर अतिक्रमण हटाने की विशेष कार्यवाही की। अभियान के दौरान मुख्य सड़क एवं गलियों पर अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए ठेला चालकों दुकानदारों के विरुद्ध चालान काटे गए तथा उन्हें निर्धारित सीमा से बाहर अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी दी गई। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नारायण लाल गुप्ता के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान पुलिस तेजवीर सिंह पिंकेश मीणा नमोनारायण दिलीप गुर्जर लवकुश जाट सौरभ मीणा सहित पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। टीम ने बाजार का निरीक्षण करते हुए पैदल राहगीरों और वाहनों के सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए, अतिक्रमण को तत्काल हटवाया, इससे रास्ते खुले हुए नजर आए।

# पुलिस टीम पर फायरिंग कर हमला करने वाला 25000 रूपये का मुख्य ईनामी आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**विराट नगर (जयपुर)।** मालाखेड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में सुधीर चौधरी पुलिस अधीक्षक जिला अलवर ने जानकारी देते हुए बताया कि डाँ प्रियंका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर एवं शिवानी आईएएस सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्तांधिकारी वृत्त ग्रामीण जिला अलवर के निकटतम सुपरविजन मे हरदयाल सिंह यादव थाना अधिकारी मालाखेडा के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमे पुलिस टीम पर फायरिंग कर जानलेवा करने वाला 25000 रूपये का मुख्य आरोपी को आज मालाखेडा पुलिस ने किया है गिरफ्तार।

घटना का विवरण...दिनांक 26/12/2024 की रात्रि मे कन्ट्रोल रुम मे अलव से सूचना मिली की गाँव कलसाडा से अज्ञात चोर वाहन ईको कार को चोरी कर ले गये है,उक्त सूचना पर पुलिस थाना मालाखेडा की पुलिस टीम द्वारा हल्दीना बाईपास पर नाकाबंदी की गई इसी दौराने नाकाबंदी वाहन ईको कार को रूकवाने का खुब प्रयास किया तो जान से मारने की नियत से ईको कार से टक्कर मारने की कोशिश की गयी जिस पर पुलिस टीम द्वारा वाहन ईको कार का पीछा किया गया जिस पर अज्ञात चोरों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी जिसमें पुलिस वाहन मे भी गोली लगी थी जिसके पश्चात् भी पुलिस टीम के द्वारा अज्ञात चोरों का पीछा किया जिस पर अज्ञात चोर चोरी किये गए वाहन ईको कार को बारा भडकोल के जगलों मे छोडकर भाग गए आदि पर प्रकरण दर्ज किया जाकर घटना का खुलासा किया गया जिसमे पूर्व मे दो आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके है। गिरफ्तार आरोपी... मिसरूप उर्फ ईसलूप पुत्र फज्जर जाति फकीर उम्र 30 साल निवासी चोरगढी (मेवात गढी) पुलिस थाना खोह जिला डींग पुलिस टीम...थाना अधिकारी हरदयाल सिंह यादव मालाखेडा....दयाराम स0उ0नि0... भागचंद कानि0...सुरेश यादव कानि0..ने आज मालाखेडा पुलिस ने किया गिरफ्तार।

# संयुक्त निदेशक कार्यालय के एडीओ ने पीएम श्री स्कूल दूनी का संबलन कर व्यवस्थाएं देखी

## शिक्षा के साथ संस्कार अति आवश्यक : धर्मेंद्र त्यागी एडीओ संयुक्त निदेशक शिक्षा

स्मार्ट हलचल । दूनी/टोंक



उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूनी में शुक्रवार को शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक कार्यालय के एडीओ धर्मेंद्र त्यागी एक दिवसीय संबलन कार्यक्रम हेतु उपस्थित रहे। शहरीय संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य कैलाश वर्मा ने बताया कि संयुक्त निदेशक शिक्षा कार्यालय अजमेर के एडीओ ने प्रातः 10 से सांय 4 बजे तक विद्यालय में रहकर विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण कर संबल प्रदान किया। प्रातः 10:00 बजे विद्यालय की प्रार्थना सभा में पहुंचकर छात्र-छात्राओं और स्टाफ को संबोधित करते हुए एडीओ ने कहा कि वर्तमान परिवेश में छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ घर पर माता-पिता के दैनिक कार्यों में हाथ बटाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। मोबाइल का करें सदुपयोग। उन्होंने छात्र छात्राओं में बढ़ते मोबाइल के दुरुपयोग को रोक कर सीमित सदुपयोग पर जोर दिया। मोबाइल पढ़ाई में सहायक हो सकता है परंतु हमें इस पर निर्भर नहीं होना चाहिए।छात्र-छात्राओं के साथ किया संवाद संयुक्त निदेशक कार्यालय के एडीओ धर्मेंद्र त्यागी ने प्रार्थना सभा एवं कक्षा कक्ष में पहुंच कर छात्र-छात्राओं से संवाद किया।दैनिक पढ़ाई, परीक्षा, पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या, पीएम श्री योजना, आदि पर खुलकर चर्चा की तथा प्रश्न-उत्तर के माध्यम से छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं को शांत किया। उप प्रधानाचार्य शांतिलाल शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एडीओ संयुक्त निदेशक अजमेर ने कक्षा शिक्षण के साथ-साथ पोषाहार, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास रूम, आईसीटी लैब, ब्यूटी एंड वेलनेस लैब, विज्ञान भूगोल कृषि लैब, प्रखर राजस्थान पीएम श्री योजना की विभिन्न गतिविधियों, किचन गार्डन, रिकॉर्ड संधारण, कार्यालय, परीक्षा आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सीमा शेर, महावीर प्रसाद बडगूजर प्राध्यापक लादू लाल मीणा, राजेश कुम्हार, शिक्षक सुरेंद्र सिंह नरूका, अशोक शर्मा मनीष जैन मधु सेन शारीरिक शिक्षक शिवजी लाल चौधरी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## मेहरूकला में अवैध खनन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# 150 टन बजरी ज़ब्त, चारागाह को बचाने के लिए खनिज विभाग का 'ऑपरेशन क्लीन'



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** मेहरूकला की चारागाह भूमि को खोखला करने में जुटे खनन गिरोह पर गुरुवार को जिला खनिज विभाग का 'ऑपरेशन क्लीन' भारी पड़ गया। गौशाला के पास चारागाह भूमि में चोरी-छिपे जमा की गई करीब 150 टन बजरी पर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूरा स्टॉक अपने कब्जे में ले लिया। ज़ब्त बजरी को खनन पट्टा धारक की सहायता से टीपी प्वाइंट मेहरूकला पर शिफ्ट कर नीलामी प्रक्रिया के लिए सुरक्षित कर दिया गया।

इस हाई-इम्पैक्ट एक्शन का नेतृत्व अधीक्षण खनिज अभियंता जे.के. गुरु बखूशानी और सहायक खनि अभियंता मनोज कुमार तंवर ने किया। वहीं खनिकार्य अधिकारी देश कौशल शर्मा और बोर्ड होमगार्ड टीम मौजूद रही, जिसने पूरे अभियान को अंजाम तक पहुंचाया।



जानकारी के अनुसार, चारागाह भूमि पर अवैध खनन की शिकायत मिलते ही विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत दबिश दी। मौके पर जमा भारी मात्रा में बजरी मिलने के बाद पूरे स्टॉक को जब्त कर माफियाओं को यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि – 'चारागाह, राजस्व व वन भूमि छूना भी मत, विभाग की सख्ती अब हर कदम पर साथ खड़ी है।'

अधिकारियों ने कहा कि अवैध खनन पर अब लगातार शिकंजा कसा जाएगा, और इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी बेतहाशा जारी रहेंगी।

# एडीएम ने किया औचक निरीक्षण लगाई फटकार

## सरकारी महकमों में कर्मचारी हों रहें बेलगाम न आने का पता न जाने का



स्मार्ट हलचल

वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपखण्ड कार्यालय और तहसील परिसर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं मिले, जिस पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई संबंधितों को फटकार लगाई। एडीएम तोमर ने बताया कि सरकार आमजन में सुशासन स्थापित करने के लिए प्राथमिक अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यालयों का दौरा करने के निर्देश दें रही है। निरीक्षण में पाई गई अव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कार्यवाही की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गंदगी और शौचालयों की शिकायतों पर उन्होंने तुरंत सुधार करने के आदेश दिए। एसडीएम और तहसील कार्यालय में भी कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर एडीएम ने सख्त निर्देश दिए, कि अधिकारी पूरे समय कार्यालय में रहें, और समय पर उपस्थित रहे। उन्होंने स्पष्ट में बताया कि सरकारी सेवाओं में लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपस्थित रजिस्टर रिकार्ड संधारण और कार्यालय व्यवस्था की भी विस्तार से जांच की गई। एडीएम ने संबंधित विभागों को सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए और कहा कि भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि आमजन को समय पर और बेहतर सेवाएं मिल सके।

# राजस्थान वित्त निगम की 70वीं वार्षिक साधारण सभा मीटिंग जयपुर में संपन्न

## निगम ने राजस्थान सरकार का जताया आभार

स्मार्ट हलचल



**जयपुर।** राजस्थान वित्त निगम की 70वीं वार्षिक साधारण सभा शुक्रवार को जयपुर में आयोजित की गई। इस बैठक में डॉ. सुबोध अग्रवाल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान निगम के प्रदर्शन और आगामी वर्ष की विकास रूपरेखा प्रस्तुत की।

बैठक में शिखर अग्रवाल, एसीएस इंडस्ट्रीज, राजेश काला, निदेशक (बोर्ड); डॉ. हर सहाय मीणा, कार्यकारी निदेशक, कोमल आगरी, कार्यकारी निर्देशक (वित्त) तथा निदेशक मंडल के अन्य प्रतिष्ठित सदस्य, शेयरधारक एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर, निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सीमित मानव संसाधन और अन्य चुनौतियों के बावजूद उत्कृष्ट व्यावसायिक प्रदर्शन किया। निगम ने सभी प्रमुख लक्ष्यों को पार करते हुए 212.07 करोड़ के ऋण स्वीकृत (लक्ष्य 200 करोड़), 142.32 करोड़ के वितरण (लक्ष्य 140 करोड़) तथा 201.49 करोड़ की वसूली दर्ज की, जो वार्षिक लक्ष्य से अधिक है।

निगम ने अपनी परिसंपति गुणवत्ता में मजबूती करने की उल्लेखनीय प्रगति की। पिछले वर्ष की तुलना में एनपीए पोर्टफोलियो में 20% की कमी आई है, जो 230.57 करोड़ से घटकर 192.39 करोड़ हो गया। केंद्रित वसूली प्रयासों के तहत कुल 41.61 करोड़ की एनपीए वसूली हुई, जिसमें 20.06 करोड़ ह्'स अभियान के माध्यम से प्राप्त हुए और 41 लम्बित मामलों का निस्तारण किया गया।

## निगम ने राजस्थान सरकार का जताया आभार

युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के तहत युवा उद्यमियों को समर्थन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस योजना के अंतर्गत 95.52 करोड़ की स्वीकृतियों 65 इकाइयों को प्रदान की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए YUPY के अंतर्गत 150 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

निगम ने राजस्थान सरकार एवं रिको द्वारा राज्य बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार प्रस्तावित 100 करोड़ के पूंजी निवेश सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। यह सहयोग निगम की ऋण क्षमता एवं स्लस्थ्र क्षेत्र में पहुंच बढ़ाएगा तथा वित्तीय भागीदारी के नए अवसर खोलेगा।

# थानाधिकारी अशोक चौधरी ने संभाला कार्यभार

स्मार्ट हलचल | थांवला

पुलिस थाने में नए थानाधिकारी अशोक चौधरी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जनसहभागिता से आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास रहेगा। वहीं सट्टे, शराब सहित अन्य अपराधों पर रोक लगाई जाएगी। अशोक चौधरी देचूआ से स्थानांतरित होकर यहां आए है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष बलबीर सिंह गुढ़ा की अगुवाई में प्रबुद्धजनों ने थानाधिकारी चौधरी का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया।



इस दौरान थांवला मण्डल अध्यक्ष ब्रजराज सिंह लखावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# खाद वितरण में अव्यवस्था और खुले मीट दुकानों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल | बानसूर

नारायणपुर में खाद वितरण में अव्यवस्था और खुले में संचालित मीट दुकानों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। राजेश बागड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम दिनेश शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए दोनों मामलों में तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि क्षेत्र में पर्याप्त खाद उपलब्ध होने के बावजूद वितरण प्रक्रिया अव्यवस्थित है।



कई किसानों को निर्धारित मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही, जबकि कुछ लोगों को परिचय के आधार पर अधिक कट्टे दिए जा रहे हैं। कांग्रेस ने खुले में चल रही मीट दुकानों का मुद्दा भी उठाया और कहा कि बिना मानक व स्वच्छता के मांस बिक्री से स्वास्थ्य जोखिम बढ़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने अवैध दुकानों को तुरंत बंद कराने की मांग की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र रैगर, रामस्वरूप मुक्कड़, महेश पोसवाल, कमलेश चौहान, गिरवर शेखावत, महिपाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिसोदिया का स्वागत



**गंगरार।** कस्बे की शहरे खामोशां कमेटी के सदर लियाकत अली मंसूरी के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया का मेवाड़ी पगड़ी, माला व ऊपरणा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया।

गंगरार स्टेशन के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष के स्वागत के साथ ही चित्तौडगढ़ स्थित काजी चल फिर शाह दरगाह पर चादर पेश कर नवनियुक्त जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन लोहार का मेवाड़ी पगड़ी और माला पहना कर स्वागत किया गया। इसके साथ ही ब्लॉक गंगरार-पारसोली अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अब्दुल गनी मंसूरी, मुबारिक मंसूरी, शरीफ मंसूरी, शाहरुख मंसूरी, हनीफ खां पठान, अंबेडकर संस्थान जिला अध्यक्ष मांगी लाल रेगर, अय्यूब खां पठान मंगल सिंह चौहान, इस्माइल कुरेशी, सलीम भाई, साहिल पठान, राजू पठान, जमालुद्दीन मंसूरी, समस्त युवा शक्ति कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपचार के दौरान घोड़ी चालक की मौत, विराटनगर थाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल

**विराटनगर (जयपुर)।** विराट नगर विधानसभा क्षेत्र में 28 नवंबर को देर शाम पालड़ी तिराहे पर पुलिस वाहन से घोड़ी सहित घोड़ी मालिक सुल्तान गुर्जर के लगी थी टक्कर जिसमें घोड़ी की मौके परी मौत हो गई थी वह घोड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसको विराटनगर सीएचसी रेफर कर दिया गया था। हालत गंभीर देखते हुए सीएचसी चिकित्सकों ने सुल्तान गुर्जर को जयपुर रैफर कर दिया। जिसकी 10 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने विराटनगर



पुलिस थाने का घेराव किया । थाने का घर घेराव पूर्व विधायक व कांग्रेस जिला इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ो की तादाद में पुलिस थाने में स्थित ग्रामीणों ने आर्थिक मुआवजे अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया । ग्रामीणों की मांगी थी कि 51 लाख मुआवजा, मृतक के परिवार में से किसी एक को संविदा पर नौकरी , एफआईआर' दर्ज कर दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही , मृतक के बच्चों को पढ़ाई का खर्चा ,मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री योजना के तहत आवास , प्रशासनिक अधिकारियों से बात करके 1 माह के अंदर पालनहार योजना व विधवा पेंशन चालू की जाए । मौके पर पहुंचे अधिकारी बानसूर वृताधिकारी मेघा गोयल, पावटा एसडीएम साधना शर्मा ओर विराटनगर तहसीलदार लालाराम यादव ने मौके पर पहुंच घर ग्रामीणों से समझाइए की ग्रामीण मुआवजे की रकम और मांग को लेकर अपनी जिद पर लड़े रहे। ग्रामीण और अधिकारियों के बीच 11 लाख रुपए मुआवजा, मृतक की पत्नी को संविदा पर नौकरी, एफआईआर दर्ज भी हो जाएंगी, कोर्ट से जो भी क्लेम होगा वो भी दिया जाएगा, मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास वो भी दिया जाएगा पालनहार योजना के ओर विधवा पेंशन का लाभ भी दिया जाएगा । इन मांगों की सहमति बनने पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

## विशवेरा सखी ग्रुप, कोटा द्वारा 'सतरंगी भारत' थीम पर भव्य उत्सव का आयोजन

# अनेकता में एकता' का संदेश 'भारत रंगों से बना है ':- अध्यक्ष कविता दुगेरिया

स्मार्ट हलचल| कोटा



विशवेरा सखी ग्रुप, कोटा द्वारा हाल ही में 'सतरंगी भारत' थीम पर एक भव्य और रंगारंग और आकर्षक सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने भारतीय परंपराओं संस्कृति की विविधता एकता को एक ही मंच पर जीवंत कर दिया जहाँ भारत के हर राज्य, भाषा और परंपरा के अनूठे रंगों की छटा एक ही छत के नीचे देखने को मिली। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषाओं, लोक-संस्कृतियों और कलात्मक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

ग्रुप की अध्यक्षा कविता दुगेरिया ने कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को एक सूत्र में पिरोने का उद्देश्य इस आयोजन का केंद्र रहा। उन्होंने कहा, 'भारत अनेक रंगों 'भारत रंगों से बना है' का देश है और हर रंग अपने भीतर एक कहानी समेटे हुए है। 'उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण सदस्यों द्वारा विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में दी गई शानदार प्रस्तुतियां थीं, जिन्होंने 'अनेकता में एकता' का संदेश दिया। कार्यक्रम को सुचारू और मनोरंजक बनाने के लिए सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कामिनी जैन तथा सचिव शशि पाटनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कोषाध्यक्ष सुधा जैन ने जानकारी दी कि ऊर्जावान मंच संचालन सिद्धेश्वरी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। मनोरंजन और गेम्सः अनीता पाटौदी और प्रीति जैन ने मिलकर 'सतरंगी भारत' थीम पर आधारित विविध सुंदर प्रस्तुतियां और रोचक गेम्स खिलवाए, जिससे पूरा माहौल खुशनुमा हो गया। जिन्होंने उत्सव में उत्साह का संचार कर दिया।

### कार्यक्रम की मुख्य झलकियां नव वर्ष 2026 का आगाज़

कार्यक्रम के अंतिम चरण में उत्साह और भी बढ़ गया। इस उत्सव को आगामी नव वर्ष 2026 के स्वागत के उपलक्ष्य में एक प्री-न्यू ईयर सेलिब्रेशन के रूप में विशेष उत्साह से मनाया गया, जहाँ सभी सखियों ने एक-दूसरे को अग्रिम शुभकामनाएं दीं और नए साल के लिए मंगल कामना की। सदस्यों ने देश के विभिन्न राज्यों की झांकियों के माध्यम से एकता, उत्सव और सांस्कृतिक सौहार्द का संदेश दिया। सहभागिताः कार्यक्रम में ग्रुप की 60 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें प्रिया, ऋतु,अनीता आकांक्षा, रंजना, और स्वाती, विभा नम्रता कुसुम प्रियंका, चयन, आशा ज्योति, प्रतिभा, माधुरी मीनाक्षी की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही।

अंत में, अध्यक्ष एवं सहसचिव आकांक्षा ने कार्यक्रम के सफल समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों और सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विशवेरा सखी ग्रुप का यह आयोजन भारतीय संस्कृति की बहुरंगी झाँकी को प्रदर्शित करने वाला एक यादगार समारोह बन गया। पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों और उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समूह की एकता को और सुदृढ़ करते हैं तथा भारतीय संस्कृति के गौरव को उजागर करते हैं। 'पुण्योदय अतिशय क्षेत्र नासिया जी दादावाड़ी के अध्यक्ष जम्बू जैन 'सर्राफ' ने विशवेरा सखी ग्रुप की सभी सदस्याओं को इस भव्य कार्यक्रम की सफल आयोजन हेतु तथा आगामी नववर्ष के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की।

# विद्यार्थियों को दिए नियमों के प्रति जागरूक रहने के संदेश



स्मार्ट हलचल

**बारां।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान 2025 के दूसरे दिन शुक्रवार को जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा एवं परिवहन निरीक्षक सूरज भानु सिंह ने कोटा रोड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बारां का भ्रमण किया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व और आवश्यक नियमों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर रंगोली एवं पोस्टर बनाए गए, जिनकी डॉ. कल्पना शर्मा ने सराहना करते हुए उन्हें रचनात्मकता के साथ यातायात अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यालयों में उत्साहपूर्ण सहभागिता देखी गई तथा विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा को जीवन में अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

# कृषि उपज मंडी में सोयाबीन के कट्टे चुराने के आरोप में युवक गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल

भवानीमंडी। भवानी मंडी पुलिस ने कृषि उपज मंडी परिसर में से सोयाबीन के कट्टे चुराने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया तथा उसके पास चुराई गई सोयाबीन तथा चोरी में उपयोग में ली गई मारुति ईको कार भी बरामद की भवानी मंडी थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि फरियादी राम किशन पुत्र बंशीलाल जाती महाजन उम्र 57 वर्ष निवासी श्री राम विहार कॉलोनी थाना भवानी मंडी जिला झालावाड़ में उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट दर्ज कराई की भवानी मंडी में स्थित कृषि उपज मंडी में मेरी आदत गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी के नाम से स्थित है जिसमें मैंने सोयाबीन की फसल खरीद कर कटो में भरकर रख रखी है विगत 30 नवंबर को मेरे सोयाबीन के कट्टों में से 6 बैग सोयाबीन चोरी होने से मैंने सीसीटीवी फुटेज में देखा था जिसमें एक व्यक्ति अपनी मारुति ईको गाड़ी लेकर आया और मेरी सोयाबीन की थड़ी में से अपनी गाड़ी में सोयाबीन के कट्टे डालता नजर आया इसी तरह विगत 1 दिसंबर को भी उक्त व्यक्ति दोबारा शैलेंद्र ट्रेडिंग कंपनी की आदत में से सोयाबीन के 8 बेग चोरी करके इस गाड़ी में ले गया पुलिस ने इस पर प्रकरण दर्ज कर अज्ञात मुलजिमान की तलाश प्रारंभ की घटना की गंभीरता को देखते हुए झालावाड़ जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के निर्देशक तथा भवानी मंडी पुलिस उपा अधीक्षक प्रेम कुमार के सुपरविजन में भवानी मंडी थाना अधिकारी की नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया टीम द्वारा तकनीकी आधार पर संदिग्ध व्यक्ति का पता लगाया जाकर सोयाबीन के कट्टे चुराने के आरोप में सिद्धू सिंह पुत्र रघु सिंह जाति सोंधिया राजपूत उम्र 26 वर्ष निवासी देवरिया का खेड़ा थाना मिश्रौली को गिरफ्तार किया इसके पास सोयाबीन के कट्टे और चोरी में इस्तेमाल की गई मारुति ईको कार भी बरामद की गई चोरी की इस वारदात को खोलने के लिए बनाई गई पुलिस टीम में थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ए एस आई सुगन मेहर कांस्टेबल चुरामन .लालाराम विकास कुमार आदि शामिल थे।

## एसीएबीसी प्रशिक्षणार्थियों ने किया सरस डेयरी प्लांट का शैक्षणिक अध्ययन दौरा

# आधुनिक डेयरी उद्योग आज कृषि-आधारित उद्यमिता का सशक्त स्तंभ-राठौड़

स्मार्ट हलचल| कोटा




कृषि उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एग्री-क्लिनिक्स एंड एग्री-बिजनेस सेंटर योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने 12 दिसम्बर को सरस डेयरी प्लांट, रावतभाटा रोड का शैक्षणिक दौरा किया। कुल 25 प्रशिक्षणार्थियों के इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य दुग्ध प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं डेयरी उत्पाद निर्माण की आधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अवलोकन था।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक डेयरी उद्योग आज कृषि-आधारित उद्यमिता का सशक्त स्तंभ बन चुका है। उन्होंने कहा, 'ऐसे भ्रमण युवाओं में तकनीकी समझ बढ़ाते हैं और उन्हें रोजगार एवं स्वयं-रोजगार के नए अवसरों से जोड़ते हैं। डेयरी सेक्टर में पारदर्शिता, गुणवत्ता और वैज्ञानिक पद्धतियों का ज्ञान उद्यमिता को नई दिशा दे सकता है। '

नोडल ऑफिसर डा.डी आर मीणा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्थान ने बताया कि एग्री-क्लिनिक्स एंड एग्री-बिजनेस सेंटर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त योजना है, जिसके अंतर्गत 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में कृषि-आधारित उद्यमों के लिए विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में सरस डेयरी का भ्रमण प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।

डेयरी प्लांट के तकनीकी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दूध संग्रहण, परीक्षण, पाश्चुरीकरण, पैकिंग तथा मूल्य-वर्धित डेयरी उत्पादों की उत्पादन श्रृंखला के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों में कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा तथा प्रसंस्करण इकाई की कार्यक्षमता और गुणवत्ता मानकों का अवलोकन किया।

# विदेश मंत्रालय के ई-सनद पोर्टल पर प्रोसेस हुए 10 लाख डॉक्यूमेंट्स




स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने साल 2017 में ई-सनद पोर्टल लॉन्च किया था, जिसका उद्देश्य कॉन्टैक्टलेस, फेसलेस, आसान, किफायती और कुशल ऑनलाइन अटेस्टेशन और एपोस्टिल सर्विस देना है। पोर्टल को लेकर अभी तक अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है और 30 नवंबर 2025 तक पोर्टल पर कुल 10,17,420 डॉक्यूमेंट्स प्रोसेस किए गए हैं।

विदेश मंत्रालय ने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय से इस पोर्टल से जुड़े डॉक्यूमेंट के रियल-टाइम वेरिफिकेशन के संबंध में जानकारी मांगी गई थी, जिस पर विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने अपने लिखित जवाब में बताया कि मिनिस्ट्री ई-सनद पोर्टल पर डॉक्यूमेंट्स के डिजिटल वेरिफिकेशन के लिए और अधिक डॉक्यूमेंट जारी करने वाली अथॉरिटी (डीआईए) और राज्य/यूटी सरकारों को जोड़ने को बढ़ावा दे रही है। हाल ही में विदेश मंत्रालय ब्रांच सेक्रेटेरिएट, चेन्नई को भी ई-सनद पोर्टल के जरिए सीधे एप्लीकेंट्स को सर्विस देने के लिए ऑथराइज किया गया है।

राज्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार और डीआईए से मिले वेरिफाइड डॉक्यूमेंट्स को विदेश मंत्रालय में अटेस्टेशन/एपोस्टिल के लिए प्रोसेस करने में लगभग 2-3 कार्य दिवस लगते हैं, जिसके बाद डॉक्यूमेंट्स एप्लीकेंट के इंडियन पोस्टल एड्रेस पर भेज दिए जाते हैं। ई-सनद को डिजिलॉकर से भी जोड़ा गया है, जिसमें डिजिलॉकर डेटाबेस से लिए जा सकने वाले डॉक्यूमेंट्स का रियल टाइम में वेरिफिकेशन किया जाता है। ऐसे डॉक्यूमेंट्स सीधे मंत्रालय को मिलते हैं और सर्विस जल्दी देने के लिए उन्हें जल्दी प्रोसेस किया जाता है।

राज्यमंत्री ने बताया कि अटेस्टेशन और एपोस्टिल दोनों सर्विस के डेटा के मामले में दिल्ली, गोवा, चंडीगढ़ और तिरुवनंतपुरम जैसे शहरों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिली है।

बता दें कि ई-सनद पोर्टल विदेश मंत्रालय द्वारा संचालित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है और दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन (एपोस्टिल) के लिए इस्तेमाल होता है, ताकि भारतीय और अंतरराष्ट्रीय आवेदकों को कागज रहित सेवा मिले।

# महनपुर को बानसूर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क जर्जर, ग्रामीण परेशान

स्मार्ट हलचल | बानसूर



कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत महनपुर को पंचायत समिति मुख्यालय बानसूर से जोड़ने वाली सड़क इन दिनों जर्जर व दयनीय अवस्था में पहुंच गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क ढ़ाकला मोड़ से लेकर डाबरिया तक जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बारिश के बाद स्थिति और भी भयावह हो गई है, जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर स्कूल के बच्चे, मरीज, किसान और दिहाड़ी मजदूर बड़ी संख्या में आवागमन करते हैं, लेकिन खराब सड़क के कारण आए दिन वाहन फंसने, फिसलने और गिरने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। पीडब्ल्यूडी के कनिष्ठ अभियंता राकेश यादव ने बताया कि जल भराव के कारण सड़क के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली हैं जल्द ही सड़क का मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा।

# सहायक अभियंता को मिला प्रदेश स्तरीय स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड

स्मार्ट हलचल | सूरौठ



बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने के मामले में उत्कृष्ट कार्य करने पर बिजली निगम के हिंडौन सिटी सहायक अभियंता सीताराम मीणा को प्रदेश स्तरीय स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड से नवाजा गया है। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में बिजली निगम की एमडी सुश्री आरती डोगरा ने सहायक अभियंता मीणा को स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड से सम्मानित किया है। सहायक अभियंता मीणा को यह पुरस्कार बिजली तंत्र को मजबूत करने, निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए दिया गया है। एमडी डोगरा ने प्रदेश के 6 सहायक अभियंताओं को पुरस्कृत किया है जिसमें एईएन सीताराम मीणा भी शामिल हैं।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर का जन्मदिन 'सेवा दिवस' के रूप में मना, सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने दी बधाई

### कहीं बंटे कंबल, कहीं हुआ हनुमान चालीसा का पाठ, कच्ची बस्तियों से लेकर अस्पतालों तक सेवा कार्यों की रही गूंज

स्मार्ट हलचल| कोटा



भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर का जन्मदिन कोटा में कार्यकर्ताओं ने 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने माहुर को फोन कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कई विधायकों और सांसदों ने भी दूरभाष पर बधाई दी।

### सेवा ही संकल्पः कंबल और फल वितरण

माहुर के जन्मदिन पर चकाचौंध के बजाय सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी गई। एमबीएस अस्पतालः राजकुमार झा के नेतृत्व में मरीजों को फल वितरित किए गए।

कच्ची बस्तीः अर्जुन सिंह गौड़ के नेतृत्व में संतोषी नगर कच्ची बस्ती में जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। छात्रावासः गणपत जी द्वारा गोविंद गुरु घुमंतू छात्रावास में बच्चों को भोजन प्रसादी और वस्त्र वितरित किए गए।

### धार्मिक अनुष्ठान और स्वागत

स्टेशन क्षेत्र में अमित गौतम के नेतृत्व में चांद मारी बालाजी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं, दीपक शर्मा के नेतृत्व में बोरखेड़ा में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### इनका रहा नेतृत्व

कोमल पारेता के नेतृत्व में एबीवीपी कार्यालय, अनंतपुरा में बबलू पठान, और स्टेशन क्षेत्र में साई कंप्यूटर इंस्टिट्यूट पर मोनेश शर्मा के नेतृत्व में माहुर का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रचंड बालाजी गौशाला और धाकड़ इलेक्ट्रॉनिक पर निखिल शर्मा, हिमांशु मेवाड़ा, राजकुमार, चंद्रप्रकाश मालव, अंकुश शर्मा, नकुल मेवाड़ा और विष्णु सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया।

# श्रमिकों को पढ़ाया सुरक्षा और स्वच्छता का पाठ



स्मार्ट हलचल| बूंदी

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता मोहित भट्ट के सहयोग से शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली के तहत जाखमुंड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट डब्लूटीपी में कार्य कर रहे श्रमिकों को सुरक्षा व स्वच्छता का पाठ पढ़ाकर किया जागरूक। श्रमिक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में श्रमिकों को सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए कैप-आरयूआईडीपी के सचिन मुद्गल ने श्रमिकों को बताया कि साइट पर कार्य करते समय श्रमिक सुरक्षा को प्राथमिकता दें एवं पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करें क्योंकि छोटी सी लापरवाही बहुत बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए सभी श्रमिक सम्पूर्ण सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर कार्य करें साथ ही सावधानी पूर्वक कार्य करते हुए अपने आपको सुरक्षित रखें । श्रमिक भाइयों से अपील की सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए कार्य करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके,साथ ही सुरक्षा उपकरणों के बारे में विस्तार से बताया।

सहायक निर्माण प्रबंधक देवेन्द्र सिंघल ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में बताते हुए कहा कि आसपास साफ- सफाई रखें ताकि बीमारियों से होने वाले आर्थिक एवं शारीरिक नुकसानों से बचा जा सके, साथ ही कहा कि श्रमिक भाई किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करें तथा अपने साथी को नशा नहीं करने हेतु प्रेरित करें, नशे के कारण होने बाले शारीरिक नुकसानों के बारे में विस्तार से बताया। इस पर सीएमएससी के सपोर्ट इंजीनियर भूपेन्द्र हाड़ा,हर्ष शर्मा संवेदक फर्म के राजेन्द्र,रोहन एवं अजय सेन ने सहभागिता निभाई।

# देवरिया ग्राम पंचायत भवन का पूर्व विधायक डोगरा व प्रधान रायपुरिया ने किया लोकार्पण

## पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने भाजपा नेता देवलाल फागणा की अगुवाई में किया भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल| बूंदी



तालेड़ा पंचायत समिति की नव सृजित ग्राम पंचायत देवरिया के नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण करने पहुंचे पूर्व विधायक अशोक डोगरा एवं प्रधान राजेश रायपुरिया का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। भाजपा नेता देवलाल फागणा की अगुवाई में स्थानीय ग्रामीणों ने पूर्व विधायक डोगरा एवं प्रधान रायपुरिया को फूल मालाओं से लाद दिया। देवरिया को ग्राम पंचायत बनाने की 25 वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर स्थानीय ग्रामीण खासे उत्साहित नजर आए। ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर एवं मिठाइयां बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया। इससे पूर्व लोकार्पण समारोह में शामिल होने पहुंचे पूर्व विधायक अशोक डोगरा एवं प्रधान राजेश रायपुरिया को ग्रामीण नाचते गाते डीजे की धुन पर जुलूस के साथ कार्यक्रम स्थल लेकर पहुंचे। जहां ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने कहा कि देवरिया क्षेत्र के लोगों द्वारा बताई गई सभी समस्याओं का समाधान हो चुका है। ग्रामीणों की मांग पर सरकार ने देवरिया को ग्राम पंचायत भी बना दिया है।

देवरिया में उच्च प्राथमिक विद्यालय को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करवाने की मांग पर पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने कहा कि देवरिया के राजकीय विद्यालय को जल्द ही क्रमोन्नत करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवरिया के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य के साथ जल्द ही घर-घर नल से जल उपलब्ध करवाया जाएगा।

पीली की खान गांव राजस्व ग्राम घोषित होने के पश्चात यहां ग्रामीणों को आवासीय पट्टों संबंधित आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने कहा कि पीली की खान को सड़क मार्ग से जोड़ा जा चुका है अब जल्द ही इस सड़क को नेशनल हाईवे से भी मिला दिया जाएगा। प्रधान राजेश रायपुरिया, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री राधेश्याम बैरागी, तालेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, डाबी मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोलंकी आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व पूर्व विधायक अशोक डोगरा के कार्यकाल में बरड क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व विधायक अशोक डोगरा के कार्यकाल में हुए विकास कार्य प्रशंसनीय है। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य पप्पूडी बाई फागणा, राजू लाल भील, तालेड़ा मंडल प्रतिनिधि मोहन मेघवंशी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री मुरली मनोहर नागर, पूर्व सरपंच बरजी बाई भील आदि मौजूद रहे।

### प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का भी किया लोकार्पण

प्राथमिक चिकित्सा केंद्र देवरिया के नवीन भवन का भी गुरुवार को पूर्व विधायक अशोक डोगरा के मुख्य आतिथ्य में लोकार्पण हुआ। अध्यक्षता प्रधान राजेश रायपुरिया ने की। वहीं विशिष्ट स्थिति तालेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एवं पंचायत समिति सदस्य पप्पूडी बाई फागणा रही। प्रधान राजेश रायपुरिया ने कहा कि देवरिया क्षेत्र के लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के लिए दूर किसी अस्पताल में जाने की बजाय अपने घर के निकट ही बेहतरीन चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध हो सकेगा।



# सर्दियों में सांस के रोगी रहें सचेत

सर्दियों में तापमान में कमी और वातावरण में प्रदूषित तत्वों की बढ़ी हुई मात्रा सेहत के लिए मुसीबत का कारण बन सकती है। सर्दियों का मौसम खासतौर पर सांस के मरीजों के स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाता है। इस मौसम में सांस संबंधी दिक्कतें जैसे दमा, फ्लू और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

### प्रदूषित कोहरे का दुष्प्रभाव

सर्दियों में होने वाला कोहरा (जो वायुमंडल की जलवाष्प के संघनित होने से बनता है) कमोबेश हानिरहित होता है, लेकिन धुएं और सस्पेन्डिड पार्टिकल्स (छोटे-छोटे प्रदूषित कणों) के इर्द-गिर्द जमने से बना स्मोग (प्रदूषित कोहरा) मानव शरीर और खासतौर पर श्वसन तंत्र के लिए किसी विपत्ति से कम नहीं होता। इस वजह से लोगों की आंखों में जलन, आंसू, नाक में खुजली, गले में खराश और खांसी जैसे लक्षण सामान्य तौर पर देखने को मिलते हैं। सर्दी बढ़ने के साथ ही सांस की नली की संवेदनशीलता तुलनात्मक रूप से बढ़ जाती है, जिससे सांस की नली सिकुड़ती है। इस कारण सांस के रोगियों में समस्या की आशंका बढ़ जाती है।

### वृद्ध रहें सजग

वृद्धों में सांस संबंधी समस्याएं कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती हैं। दरअसल बुजुर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण उन्हें सांस संबंधी बीमारियों का ज्यादा खतरा रहता है।

दमा या अस्थमा- वातावरण में किसी भी प्रकार के बदलाव से शरीर में परिवर्तन होता है, जिससे, एलर्जी और अस्थमा के रोगी मुख्य रूप से प्रभावित होते हैं। जाड़े में इन मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती है। इसलिए उन्हें विशेष तौर पर अपना ख्याल रखने की सलाह दी जाती है।

फ्लू या इंफ्लूएंजा- यह समय फ्लू या इंफ्लूएंजा के वाइरस के सक्रिय होने का है। इस कारण फ्लू के मामलों में काफी वृद्धि हो जाती है। बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाएं और एच.आई.वी. से पीड़ित रोगियों में यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।



### क्या करें

- सांस के रोगी खासकर दमा के मरीज न सिर्फ सर्दी से बचाव करें बल्कि नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें। डॉक्टर की सलाह से अपने इनहेलर की डोज भी दुरुस्त कर लें। कई बार इनहेलर्स की मात्रा बढ़ानी होती है।
- सर्दी से बचकर रहें। पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। सिर, गले और कान को खासतौर पर ढकें।
- सर्दी के कारण साबुन-पानी से हाथ धोने की अच्छी आदत न छोड़ें।
- गुनगुने पानी से नहाएं।
- सर्दी के मौसम में मालिश लाभप्रद है।
- सर्दी, जुकाम, खांसी, फ्लू और सांस की अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को सुबह- शाम भाप(स्टीम) लेनी चाहिए।
- फ्लू के रोगी खांसते या छींकते समय मुंह पर हाथ रखें या रूमाल का प्रयोग करें।
- फ्लू के रोगियों द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तुओं जैसे रूमाल व चादरों आदि को सुरक्षित विधि से साफ करें।
- अगर आप में फ्लू के लक्षण हैं, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और घर मे ही रहें।
- फ्लू पीड़ित से कम से कम 1 मीटर दूर रहें।
- हाथ मिलाने या गले मिलने से बचें, भारतीय पद्धति के अनुसार नमस्कार करें।

### क्या न करें

- सर्दी में सांस के मरीजों को सुबह की सैर नहीं करनी चाहिए।
- सुबह ठंडे पानी से न नहाएं। सांस के रोगियों को अलाव के धुएं से बचना चाहिए, अन्यथा इससे उन्हें सांस का दौरा पड़ सकता है।

# घर पर करें गोभी और मिर्च से रोगों का उपचार

जार्जटाऊन यूनिवर्सिटी मैडीकल सैंटर के शोधकर्ताओं के अनुसार फूलगोभी, पत्तागोभी तथा जलकुंभी परिवार की सब्जियों में एक प्रकार का पदार्थ पाया जाता है जो मानव एवं जानवर दोनों में फेफड़े का कैंसर रोकने में सहायक होता है।

शोधकर्ताओं के अनुसार 'प्रेफेक्स' नामक एक ऐसा पदार्थ गोभी में पाया जाता है जो फेफड़े को कैंसरग्रस्त होने से रोकता है। यह पदार्थ सैक्स उत्तेजक भी होता है। इसी प्रकार मिर्च खाने से शरीर की चर्बी कट जाती है और वजन कम हो जाता है।

मिर्च की तासीर के कारण चर्बी बढ़ाने वाली कोशिकाएं खुद ब खुद नष्ट होने लगती है। ताईवान के शोधकर्ता चिन-लिन-शू के अनुसार मिर्च शरीर के चयापचय की प्रक्रिया को तेज करती है और यह मोटापे को कम करने के साथ ही कालरा तथा ब्रांकाइटिस जैसी बीमारियों का उपचार भी करती है।



गोभी और मिर्च से बहुत से रोगों का उपचार घर पर ही किया जा सकता है। आईए जानें कैसे

### गोभी

1 गोभी में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को दरूस्त रखते हैं और पेट संबंधी रोगों से राहत देते हैं।

2 गोभी का सेवन करने से कैंसर जैसी भयानक बीमारी का खतरा कम होता है।

3 गोभी का सेवन मोटापे से निजात दिलाता है।

4 गोभी में कैल्शियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो शरीर की हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद होती है और दांतों को भी मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

### मिर्च

1 जब आप हरी मिर्च अपने दांत से चबाते हैं तो इसका तीखा अनुभव आपके मुंह में अधिक थूक पैदा करता है जो रक्त के थक्कों को घोलने में काफी सहायक होता है।

2 हरी मिर्चों में विटामिन सी की मौजूदगी शरीर को खांसी, जुकाम तथा श्वास संबंधी अन्य समस्याओं से बचाने में सहायता करती है।

3 हरी मिर्च में मौजूद विटामिन के ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।

4 हरी मिर्च एक प्राकृतिक दर्द निवारक है और यह ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी स्थितियों में इलाज में काफी लाभदायक होती है।

5 मोटापे से पीड़ित लोगों में कोलेस्ट्रॉल के स्तरों को कम करने में हरी मिर्चें काफी सहायक होती हैं।

# मानव पर रंगों का प्रभाव

सफेद रंग हल्केपन एवं शीतलता का आभास देता है।

पीला रंग उत्फुल्लता, हल्केपन खुलेपन और गर्माहट का आभास देता है, नब्ज की रफ्तार तेज करता है परंतु आक्रामक प्रतिक्रिया भी पैदा कर सकता है।

बैंगनी रंग थकान और भारीपन का भ्रम उत्पन्न कर थकान, बोरियत या बोझ की अनुभूति करता है।



गहरा नीला रंग मस्तिष्क को विश्रांति देता है किन्तु दुख का बोध भी कराता है। गहरे नीले रंग से पूरा कमरा ठंडा एवं भरा-भरा प्रतीत होता है।

हरा रंग शांति एवं शीतलता का अहसास कराता है। आंखों से दबाव घटाकर नेत्र ज्योति तेज करता है। खून का दबाव भी सामान्य करता है। हल्का नीला रंग शीतलता व अलगाव द्वारा चैन देता है। काला रंग ओजस्विता कम करता है, अवसादकारक एवं उत्पीड़क बोझ देने वाला है। काले रंग पुते तल काफी बड़े प्रतीत होते हैं। भूरा रंग स्थायित्व, गर्म और मानसिक संतुलन बोधकारक होता है। सलेटी रंग को ठंडा, नीरसता व विरक्तिबोधक माना जाता है। श्वेत एवं नीले रंग के सम्मिश्रण को शीतलता और चैन का द्योतक कहा गया है। जामुनी रंग गर्म एवं उत्साहवर्धक माना गया है। लाल रंग गर्मजोशी, मनोबल बढ़ाता है, मगर देर तक हावी रहना थकान एवं धड़कन बढ़ाता है

# ठंड में त्वचा रोगों से बचाव के घरेलु नुस्खे



1 सर्दी के मौसम में स्वस्थ त्वचा के लिए जरूरी है नियमित स्नान। भले ही आप प्रतिदिन न नहाएं परंतु हर दूसरे दिन नहाने का नियम बनाएं। जिस दिन नहीं नहाएं, उस दिन स्पंज करें तथा अंदर के कपड़े अवश्य बदलें। नहाने के लिए ठंडा-गर्म जैसा पानी चाहें, इस्तेमाल कर सकते हैं।

2 जाड़े में साबुन का प्रयोग ज्यादा न करें। नहाने से पहले पूरे बदन में तेल लगाएं। नहाने के बाद तेल या माश्चराइजर का उपयोग करें। पानी से करने वाले काम एक ही बार में निपटा लें। बार-बार पानी में हाथ न डालें। यदि पानी का काम करना जरूरी हो तो पहले हाथों में मलाई लगाएं। दस्ताने पहन कर काम करने से त्वचा सुरक्षित रहती है।

3 सर्दियों में धूप का नियमित सेवन करके चिलब्लेंस व डर्माटाइटिस जैसे रोगों से बचा जा सकता है। धूप में उतना ही बैठें जितनी देर आराम महसूस करें। अगर त्वचा लाल पडने़ लगे या सूजने लगे, तो धूप से हट जाएं। जिन्हें धूप से एलर्जी है उनके लिए सर्दी की धूप भी नुक्सानदायक है। ऐसे लोग धूप में कम निकलें। जब भी धूप में निकलें तो सिर पर स्कार्फ बांध लें या छतरी भी लगा सकते हैं।

4 हाथ-पैर की उंगलियों के सुन्न होने, खून का दौरा कम होने या त्वचा के फटने से बचने का सबसे अच्छा उपाय है संतुलित आहार। भोजन में दूध, दही और हरी सब्जियां खूब लें। विटामिन ए ज्यादा से ज्यादा लें। त्वचा के लिए गाजर का सेवन बहुत फायदेमंद है।

5 यूरिया आयंटमैंट त्वचा के फटने, सूजन और लाल होने वाली त्वचा के उपचार के लिए बहुत उपयोगी है। यह यूरिया से बनती है। इसको मलने से त्वचा काफी देर तक मुलायम बनी रहती है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा में होने वाले रोगों से बचा जा सकता है तथा त्वचा स्वस्थ रहती है।

# कहीं आप भी खून की कमी का शिकार तो नहीं हो रहे



आज के भागदौड़ भरे जीवन में फास्ट फूड का प्रचलन बड़ रहा है। जिससे भोजन में पौष्टिक आहार की कमी के कारण आज प्रत्येक वर्ग के लोग खून की कमी से जूझ रहे हैं। जिसमें अधिकतर संख्या युवाओं की है जिसके कारण उन्हें कमजोरी आदि की शिकायतें होने लगी हैं। खून की पाई जाने वाली इस कमी को एनीमिया कहते हैं। एनीमिया का प्रमुख कारण सही प्रकार की डाइट न लेना है। पुरुषों में खून की मात्रा 14 से 18 ग्राम प्रति डेसीलीटर होनी चाहिए। वहीं महिलाओं में यह 12 से 16 ग्राम प्रति डेसीलीटर है। इससे कम मात्रा में पाए जाने वाले खून को एनीमिया कहते हैं। वैसे 10 ग्राम से अधिक खून वाले भी स्वस्थ रहते हैं, परंतु इससे कम खून वाले को अधिक से अधिक डाइट लेनी चाहिए।

एनीमिया की 3 स्टेज होती हैं, जिनमें प्रथम स्टेज को माइलड कहते हैं, जो 10 से 12 ग्राम होती है। वहीं 6 से 10 ग्राम को मोडरेट व 6 ग्राम से कम की स्थिति खतरनाक होती है। जिसे सीवियर एनीमिया कहते हैं।

एनीमिया अत्यधिक गंभीर रोग तब होता है जब हैपिटाइटिस बी, सी तथा एच.आई.वी. जैसे संक्रमण होते हैं। डाक्टरों का सुझाव है कि अधिक मात्रा में भी आयरन का सेवन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे ह्रदय संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

कैसे करें खून की कमी पूरी

1 एनीमिया से निजात पाने के लिए बैलेंस डाइट जरूरी है। प्रोटीन, आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन, मांस, मछली में ही नहीं दूध, हरी सब्जियां, मटर, फलियों तथा पत्तेदार सब्जियों, शीरा, गुड़, किशमिश, खजूर, सेब इन सबमें अलग-अलग रूप में मिल जाते हैं। इन तत्वों में खून बनने में सहायता मिलती है।

2 खाना खाने से पहले व बाद में आधे घंटे तक चाय का सेवन भी नहीं करना चाहिए। चाय खाने में मिलने वाले पौष्टिक तत्वों को डाइजेस्ट नहीं होने देती।

3 आयरन युक्त डाइट तभी फायदेमंद होती है, जब उसके साथ विटामिन सी का भी सेवन किया जाए। विटामिन सी के लिए अमरूद, आंवला और संतरे का जूस लें। वैसे तो बैलेंस्ड डाइट और हेल्दी लाइफ स्टाइल ही काफी है लेकिन फिर भी किसी कारण से एनीमिया हो जाता है तो प्रापर ट्रीटमैंट लेना आवश्यक है। डाक्टर की सलाह से ब्लड टैस्ट कराएं ताकि बीमारी का कारण पता चल सके। उसके बाद ही डाक्टर आपका सही ट्रीटमैंट कर सकेंगे।

# रूखी त्वचा को कोमल बनाता है नारियल तेल

ठंड के कारण कई समस्याएं होती हैं. इस मौसम में त्वचा के रोग और सर्दी-जुकाम होना आम बात है. इन समस्याओं से निबटने के लिए प्रस्तुत हैं कुछ आसान घरेलू उपाय, जिनसे इन समस्याओं से निबटा जा सकता है.

- रूखी त्वचा से बचने के लिए नैचुरल मॉस्च्यूराइजर, जैसे- नारियल तेल लगाएं.



- शहद के साथ गुलाब जल मिला कर चेहरे पर लगाएं. इससे त्वचा में चमक आयेगी और चेहरा साफ होगा.
- स्नान से पहले नारियल तेल लगा लें, इससे चिकनाई और कोमलता आयेगी.
- नीबू का रस लगाएं. इसमें मौजूद विटामिन-सी चेहरे की चमक बनाये रखती है.
- सर्दी के मौसम में विटामिन की कमी के कारण होठ फटने लगते हैं, इसलिए टमाटर, गाजर, साबूत अनाज और फल-सब्जियों का सेवन करें.
- नारंगी के छिलके के पाउडर में शहद मिला कर लगाने से त्वचा निखरती है.
- जितना हो सके, आहार में विटामिन-इ युक्त खाद्य पदार्थो, जैसे- पालक, बादाम, कद्दू आदि का सेवन करना बेहतर होता है.

# सेहत का खजाना है पालक

हरी सब्जियों में पालक का नाम सबसे ऊपर है. यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद है. इसमें शरीर के लिए आवश्यक अमीनो एसिड, विटामिन ए, फोलिक एसिड, प्रोटीन और लौह तत्व भरपूर मात्र में होते हैं. इसके सेवन कई रोगों से भी छुटकारा मिलता है.

यह हरी पत्तेदार सब्जी गुणों से भरपूर है. पोषक तत्वों की प्राप्ति के लिए इसका नियमित सेवन बेहतर माना जाता है. पालक में विटामिन ए और सी प्रचुर मात्र में होते हैं. इसके अलावा विटामिन बी कॉम्पलैक्स, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम की भी प्रचुरता होती है. शोध के अनुसार एक कप पालक से दिन भर की मैग्नीशियम की जरूरत का 40 प्रतिशत प्राप्त हो जाता है. मधुमेह पीड़ित लोगों के लिए भी पालक अच्छा विकल्प है. दही के साथ कच्चे पालक का रायता बहुत ही स्वादिष्ट और गुणकारी होता है.

इन रोगों से बचाता है –

ऑस्टियोपोरोसिस – खनिज तत्वों की प्रचुरता के कारण यह हड्डियों को मजबूत बनाता है और ऑस्टियोपोरोसिस को दूर रखता है.

आंखों की रोशनी – पालक मैकुलर डिजेनरेशन का जोखिम भी कम करता है. मैकुलर डिजेनरेशन 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अंधेपन का मुख्य कारण है. इसके अलावा, विटामिन ए की कमी से रतौंधी और आंखों की रोशनी में कमी जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं.

शरीर की क्षतिपूर्ति में सहायक – प्रचुर मात्र में मौजूद फोलेट डीएनए और कोशिकाओं की सामान्य क्षति को पूरा करता है और इससे शरीर स्वयं अपने नुकसान की भरपाई कर लेता है.

एंटीऑक्सीडेंट – यह शरीर में उपापचय व अन्य सामान्य क्रियाओं के दौरान बननेवाले फ्री-रेडिकल्स से लड़ने में सहायक है. फ्री रेडिकल्स कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर तथा ह्रदयरोगों के कारण बन सकते हैं.

वजन घटाने में सहायक – इसमें फाइबर प्रचुर मात्र में होता है, इसलिए यह मोटापा घटाने के इच्छुक लोगों के लिए आदर्श आहार है. सलाद, सब्जी और जूस में पालक का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग बेहतर होता है.

पोस्टमेनोपॉजल सिंड्रोम – पालक में मौजूद मैग्नीशियम पीएमएस के लक्षणों में कमी लाता है. इस अवस्था में पेट फूलने जैसी शिकायतों से बचने के लिए पालक बेहतर विकल्प है.



प्रतिरक्षा प्रणाली बनाता है मजबूत – पालक में मौजूद पोषक तत्व प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं और शरीर को सामान्य संक्रमणों से बचाते हैं.

बालों को मिले मजबूती – इसमें बालों के लिए आवश्यक विटामिन भी विशेष मात्र में होते हैं. बाल झड़ने से परेशान लोगों को कच्चे पालक का सेवन करना चाहिए.

ये लोग न करें सेवन – पालक में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो मिल कर कैल्सियम फॉस्फेट बनाता है. यह पानी में घुलता नहीं है, जिससे पथरी बन जाती है. इसलिए पथरी के रोगियों को सिर्फ पालक की सब्जी नहीं खानी चाहिए. पालक और हरी पत्तेवाली मेथी मिला कर साग बना कर खाने से पथरी नहीं बनती है. कच्चे पालक के रस के सेवन करने से भी पथरी नहीं होती है.

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com